# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com रायपुर, शनिवार 31 मई 2025







# इलेक्ट्रानिक शॉक... कार की सब्सिडी घटकर 1 लाख, महंगे वाहनों को कोई छूट नहीं, हाईब्रिड कार शून्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

छत्तीसगढ़ में अब इलेक्ट्रिक कार खरीदने वालों को 50 हजार रुपयों का झटका लगेगा। दरअसल सरकार ने अपनी ईवी नीति के तहत ई वी कार को दी जाने वाली डेढ़ लाख की सब्सिडी को घटाकर 1 लाख कर दिया है। यही नहीं, बीस लाख से अधिक का कोई वाहन अब किसी छूट का पात्र नहीं होगा। इसके साथ ही हाईब्रिड वाहनों को मिलने वाली छूट भी समाप्त कर दी गई है। यह छूट 29 मई तक ही लागू थी।

छत्तीसगढ़ सरकार ने पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए अगस्त 2022 में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) नीति लागू की थी। यह नीति पांच साल के लिए बनाई गई थी। इसका उद्देश्य इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को प्रोत्साहित करना है। इस नीति के तहत विभिन्न श्रेणियों के इलेक्ट्रिक वाहनों पर सब्सिडी प्रदान की जाती है, जिससे नागरिकों को पर्यावरण-अनुकूल वाहन अपनाने में आर्थिक सहायता मिलती है।

## कार खरीदने वालों को लगेगा 50 हजार रुपयों का झटका

### अब सरकार ने दिया झटका

राज्य सरकार के परिवहन विभाग ने एक अधिसूचना में साफ किया है कि अब ईवी कारों के लिए 1.50 लाख के स्थान पर केवल 1 लाख रुपए सब्सिडी दी जाएगी। यह बदलाव करने के लिए ईलेक्ट्रिक व्हीकल(ईवी) पॉलिसी में संशोधन किया गया है। इसी बदलाव ▶▶| शेष पेज 7 पर



### किन वाहनों पर कितनी सब्सिडी?

छत्तीसगढ़ की ईवी नीति के तहत इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने वालों को वाहन की कीमत का न्यूनतम 10 प्रतिशत और अधिकतम 1.5 लाख रुपये तक की सब्सिडी दी जाती है। यह सब्सिडी इलेक्ट्रिक दोपहिया, तिपहिया और चार-पहिया वाहनों पर लागू है। विशेष रूप से, इलेक्ट्रिक दोपहिया ▶▶| शेष पेज 7 पर

### पिछले तीन साल में सब्सिडी का लाभ

पिछले तीन साल में छत्तीसगढ़ में इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। 2023 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने 7,656 ईवी खरीदारों को 14.29 करोड़ रुपये की सब्सिडी प्रदान की थी। इसके बाद जुलाई 2023 में 2,161 वाहन चालकों को 5.30 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी गई। पिछले साल जून 2024 में, राज्य सरकार ने 30 करोड़ रुपये का बजट जारी कर 35,000 ईवी खरीदारों को सब्सिडी प्रदान करने की प्रक्रिया ▶▶| शेष पेज 7 पर






## सीबीआई की दो बड़ी कार्रवाई, पड़ताल अब भी जारी

# 20 लाख की घूस के साथ ईडी के अफसर को दबोचा

# इधर, छग में महालेखाकार के अधिकारी पर केस

*केंद्रीय जांच ब्यूरो ने प्रवर्तन निदेशालय के एक अधिकारी को ओडिशा के भुवनेश्वर में एक व्यवसायी से 20 लाख रुपये की घूस लेते गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान राजस्व सेवा के अधिकारी और ईडी के उपनिदेशक चिंतन रघुवंशी के रूप में हुई है। सीबीआई के अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने व्यवसायी के मनी लॉन्ड्रिंग मामले के निपटारे के लिए घूस के रूप में 5 करोड़ रुपये मांगे थे, जो बाद में 2 करोड़ रुपये तय हुई थी।*

एजेंसी ▶▶| भुवनेश्वर

सीबीआई की ओर से दर्ज की गई एफआईआर के मुताबिक राउत ने एजेंसी से शिकायत की थी कि इस साल मार्च में उसे भुवनेश्वर स्थित ईडी कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया गया था। रघुवंशी ने उसे अपने चैंबर में बुलाया और मामले में राहत पाने के लिए भगती नामक व्यक्ति से मिलने को कहा। बताया गया कि जब से मामला उलझा था तब से भगती पीड़ित के संपर्क में थे और फेसटाइम पर उन पर दबाव बना रहे थे कि वे मामला ▶▶| शेष पेज 7 पर



### क्या है मामला

ईडी के उपनिदेशक चिंतन रघुवंशी ने ढेंकनाल में पत्थर खनन का कारोबार करने वाले व्यवसायी रतिकांत राउत से उनके खिलाफ दर्ज ईडी के एक मामले में राहत दिलाने के लिए कथित तौर पर पांच करोड़ रुपये की मांग की थी। मामला दो करोड़ में सेट होने के बाद पहली किश्त 20 लाख रुपए अधिकारी व्यापारी से रिश्वत की रकम लेने आया था। इस बीच उसे सीबीआई ने पकड़ लिया था।

## अफसर ने कमाए थे तीन करोड़ से ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में सीबीआई ने महालेखाकार विभाग के एक सीनियर अफसर विरेन्द्र पटेल के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। इस संबंध में सीबीआई ने बयान जारी कर कहा कि जिसके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का मामला दर्ज किया गया है, वह रायपुर महालेखाकार विभाग में वरिष्ठ लेखा परीक्षा अधिकारी रहा है। जिसके खिलाफ ▶▶| शेष पेज 7 पर




*अफसर के खिलाफ पत्नी तथा बेटे के नाम से तीन करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति बनाने का आरोप*

### मामला दबाने की आड़ में वसूली

*ऑडिट डिपार्टमेंट होने की वजह से अफसर को कई तरह की आर्थिक गड़बड़ियों की जानकारी पता लग जाती थी। इसका फायदा उठाते हुए अफसर संबंधित सरकारी विभाग के अफसरों को मामला उजागर नहीं करने की बात कह कर उनसे उगाही करता था। रुपयों के लेन-देन से जुड़े सभी लोगों से पूछताछ के बाद सीबीआई अफसर आने वाले दिनों में और खुलासा करेंगे।*

## सर्पदंश से दो मासूम भाइयों समेत बुजुर्ग महिला की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बैकुण्ठपुर

- उमस भरी गर्मी के बीच बढ़ी सर्पदंश की घटनाएं

कोरिया-एमसीबी जिले में बीती रात सर्पदंश की दो भाइयों व एक बुजुर्ग महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पहली घटना कोरिया जिले के पटना क्षेत्र के ग्राम छिंदिया की है, जहां सांप के काटने से दो सगे मासूम भाइयों की मौत हो गई, वहीं एमसीबी जिले के बरबसपुर गांव में एक बुजुर्ग महिला की भी सर्पदंश से जान चली गई। इन घटनाओं से ग्रामीणों में ▶▶| शेष पेज 7 पर

### स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर

कोरिया-एमसीबी जिले के स्वास्थ्य विभाग ने जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों और उप स्वास्थ्य केन्द्रों में एंटी-स्नेक वेनम स्टॉक की समीक्षा शुरू कर दी है। जिला प्रशासन ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे बरसात के पूर्व सतर्क रहें, घरों के आसपास साफ-सफाई रखें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचे।

### स्कोर बोर्ड




| मुंबई | | गुजरात |
|---|---|---|
| 228/5 | VS | 208/6 |

20 रन से जीता मुंबई

**81 रन : रोहित शर्मा**
प्लेयर ऑफ द मैच

**कल का मैच**

पंजाब/मुंबई

समय : शाम 7.30 बजे

## खबर संक्षेप

### कुएं में गिरा बेकाबू ट्रैक्टर, किसान की मौत




**हमीरपुर।** हमीरपुर जिले के जलालपुर क्षेत्र में शुक्रवार को एक अनियंत्रित ट्रैक्टर के कुएं में जा गिरने से उस पर सवार एक बुजुर्ग किसान की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि जलालपुर थाना क्षेत्र के ममना गांव का निवासी रामकिशुन कुशवाहा आज सुबह अपने ट्रैक्टर से कल्टीवेटर लगाकर खेत की जुताई कर रहा था।

### एक जैसे नाम से छूट गया कुकर्म का आरोपी



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद की नीमका जेल में दो कैदियों के नाम और उनके पिता के नाम एक जैसे होने के कारण, नौ वर्षीय बच्चे से कई बार कुकर्म करने के आरोपी को जमानत पर रिहा कर दिया गया, नितेश पांडेय (27), पुत्र रवींद्र पांडेय, को अक्टूबर 2021 में नौ वर्षीय बच्चे से कई बार कुकर्म करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

### कोरबा में हाथी के हमले में ग्रामीण की मौत



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में जंगली हाथी के हमले में एक ग्रामीण की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि जिले के कटघोरा वन मंडल के अंतर्गत पसान वन क्षेत्र के बनिया गांव में जंगली हाथी के हमले में कोरबा के मुरली गांव के निवासी तीजराम धोबी की मृत्यु हो गई।

#### मुख्य अभियंता के घर कार्रवाई

## घर में छापा पड़ते ही खिड़की से फेंकी करोड़ों की गड्डियां



एजेंसी ▶▶| भुवनेश्वर

ओडिशा के भुवनेश्वर में चौंकाने वाला मामला सामने आया। यहां ग्रामीण विकास विभाग के मुख्य अभियंता बैकुंठ नाथ सारंगी के घर से 2.1 करोड़ रुपये नकद बरामद हुए हैं। खबर के मुताबिक, टीम के लोग जैसे ही सारंगी के भुवनेश्वर स्थित मकान पर पहुंचे और जैसे ही इसकी जानकारी सारंगी को लगी वैसे ही उसने 500 रुपये की नोटों की गड्डियां खिड़की से बाहर फेंक दीं जो नीचे ▶▶| शेष पेज 7 पर

### फ्लैट से मिली एक करोड़ से अधिक नगदी

अधिकारियों ने कहा कि अभियंता के भुवनेश्वर स्थित फ्लैट से एक करोड़ रुपये और अंगुल स्थित आवास से 1.1 करोड़ रुपये बरामद किए गए। एक अन्य अधिकारी ने कहा, "सतर्कता अधिकारियों को देखते ही सारंगी ने भुवनेश्वर स्थित अपने फ्लैट की खिड़की से 500 रुपये के नोटों के बंडल फेंक दिए।

## बांग्लादेशी घुसपैठियों ने रायपुर में बनवाए थे फर्जी दस्तावेज

जेएम तांडी ▶▶| भिलाई

- महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल में भी दस्तावेज बनवाए गए

दुर्ग जिला पुलिस ने पिछले दिनों जिन पांच बांग्लादेशी घुसपैठियों को गिरफ्तार किया है, वे फर्जी दस्तावेज के जरिए भारत की नागरिकता हासिल कर चुके थे। उनके आधारकार्ड, पैनकार्ड, राशनकार्ड बन चुके थे। बैंक खाता तक उन्होंने खुलवा रखा था। पुलिस ने जब दस्तावेजों की जांच की तो पता चला कि आरोपियों के दस्तावेज महाराष्ट्र, प. बंगाल और रायपुर में तैयार किए गए थे। अब पुलिस उन ठिकानों में दबिश देने की तैयारी मे हैं, जहां ये दस्तावेज तैयार हुए। ▶▶| शेष पेज 7 पर



**पुलिस ने जिस युवती को बांग्लादेशी बताया, मंगेतर ने कहा, वह भारतीय है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

मोहन नगर थाना अंतर्गत जयंती नगर उरला से जिस महिला खुशबू बेगम को पुलिस ने बांग्लादेशी बताकर पकड़ा था। उस पर कार्रवाई की, उसके मंगेतर विशाल चौधरी ने दुर्ग पहुंचकर बताया कि वह भारतीय है। मंगेतर ने दस्तावेज भी प्रस्तुत किए हैं, इसके बाद पुलिस की जांच उलझ गई है। इधर मंगेतर विशाल चौधरी ने अधिवक्ता अशोक शर्मा के माध्यम से इस पूरे मामले की शिकायत रेंज, पुलिस महानिरीक्षक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से की है। साथ ही सीजेएम कोर्ट में भी याचिका दायर की है। याचिका की सुनवाई तिथि 30 मई तय की गई है। इस मामले के सामने आने के बाद पुलिस की जांच उलझ

1200 से ज्यादा से हो चुकी पूछताछ, इनमें 700 संदिग्ध

- 05 की गिरफ्तारी
- 1200 से पूछताछ
- 700 पर धारा 128 बीएनएस के तहत कार्रवाई
- 1100 ठेका श्रमिकों से पूछताछ
- 55 श्रमिकों को उनके जिले भेजा

### यहां पहुंचने पर मिलते हैं रिसीवर

जांच में यह भी सामने आया है कि बांग्लादेशी घुसपैठिए सीमा पार करके पश्चिम बंगाल पहुंचते हैं। जहां से वे ट्रेनों में सवार होकर छत्तीसगढ़ और आसपास के राज्यों में आते हैं। यहां पहुंचने पर, उन्हें रिसीवर मिलते हैं जो उन्हें दिहाड़ी मजदूरी, कूड़ा बीनने, रेहड़ी-पटरी लगाने या ढाबों पर काम करने जैसे कामों में लगा देते हैं। दुर्ग जिले की पुलिस ने हाल ही में पांच लोगों को पकड़ा है। जिन्हे इस ▶▶| शेष पेज 7 पर

#### नीट पीजी परीक्षा का आयोजन 15 जून को सीबीटी मोड में किया जाएगा

# एक शिफ्ट में ही होगी नीट पीजी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

नीट पीजी परीक्षा को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। नीट यूजी की तर्ज ही अब नीट पीजी की परीक्षा कराने का आदेश शीर्ष न्यायालय ने दिया है। नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन ने परीक्षा को दो शिफ्ट में कराने का निर्णय लिया था। सुप्रीम कोर्ट ने नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन के आदेश को रद्द कर एक ही शिफ्ट में परीक्षा कराने का फैसला सुनाया।बता दें कि नीट पीजी परीक्षा का आयोजन 15 जून को सीबीटी मोड में किया ▶▶| शेष पेज 7 पर



### समय बढ़ाने आवेदन कर सकते हैं

सुप्रीम कोर्ट ने एनबीई के दो शिफ्ट में परीक्षा आयोजित करने के फैसले को खारिज करते हुए कहा कि इससे मनमानी होती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर एनबीई को लगता है कि 15 जून को परीक्षा की तय तारीख तक व्यवस्था नहीं की जा सकती है, तो वह समय बढ़ाने के लिए आवेदन कर सकता है।

### प्रतिवादियों के तर्क को किया अस्वीकार

प्रतिवादियों की ओर से दिया गया एक और तर्क यह है कि भले ही परीक्षा निकाय अधिक केंद्रों की पहचान करने के लिए एक संदर्भ देता है, लेकिन उसे अधिक समय की आवश्यकता हो सकती है। इसके परिणामस्वरूप परीक्षा आयोजित करने में देरी हो सकती है और सभी परिणामी परामर्श और प्रवेश आदि में देरी हो सकती है।

### कब होनी है परीक्षा, कब आएगा एडमिट कार्ड

सुप्रीम कोर्ट ने आज शुक्रवार को नीट-पीजी 2025 परीक्षा को दो पालियों के बजाय एक ही पाली में आयोजित करने का निर्देश दिया। जानकारी दे दें कि 15 जून को नीट पीजी की परीक्षा होनी है।एडमिट कार्ड एग्जाम डेट से करीब चार दिन पहले जारी किया जाएगा। प्रवेश पत्र परीक्षा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट **natboard.edu.in** पर जारी किया जाएगा। इसे कैंडिडेट एप्लीकेशन नंबर और जन्म तिथि के जरिए डाउनलोड कर सकेंगे।




## नारायणपाल के देवगुड़ी परिसर में आम पेड़ के नीचे मुख्यमंत्री ने लगाई चौपाल

# सुशासन तिहार हमारा रिपोर्ट कार्ड है और सरकार के कार्यों का मूल्यांकन : सीएम साय

सुशासन तिहार के अंतिम चरण के अंतर्गत शुक्रवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बस्तर जिले के विकासखण्ड बस्तर अंतर्गत ग्राम नारायणपाल पहुंचे। उन्होंने आम पेड़ के नीचे चौपाल लगाई और योजनाओं की जानकारी लेते हुए ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि आप लोगों से मिलने का अवसर मिला। सुशासन तिहार की सार्थकता को बताते हुए कहा कि पहले चरण में आवेदन लिए गए, दूसरे चरण में उन पर कार्यवाही हुई और अब तीसरे चरण में सरकार आपके गांव में पहुंची है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने शपथ लेते ही प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी के तहत कैबिनेट में 18 लाख प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए। सभी जरूरतमंदों को आवास मिलेगा, 'आवास प्लस' में जिनका नाम है, उन्हें भी आवास दिया जाएगा। 70 लाख से अधिक महिलाओं को 'महतारी वंदन योजना' की राशि सीधे उनके खातों में देकर आर्थिक समृद्धि और महिला सशक्तिकरण का द्वार खोला गया है। जो लाभार्थी अभी वंचित हैं, उन्हें भी जोड़ा जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि सरकार हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है, और जनकल्याण ही सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि 24 अप्रैल से ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सेवा केंद्र शुरू किए गए हैं।



### संवाद के माध्यम से परखी योजनाओं की हकीकत

मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से बिजली व्यवस्था, राशन वितरण, पीएम आवास योजना और महतारी वंदन योजना की राशि के संबंध में जानकारी ली।

**1 करोड़ 11 लाख राशि की घोषणा :** मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों की मांग पर 1 करोड़ 11 लाख की सौगात दी, जिसमें नारायणपाल माध्यमिक शाला भवन के लिए 20 लाख, प्राथमिक शाला मंदिरपारा के लिए 20 लाख, स्ट्रीट लाईट, हाई मास लाईट के लिए 15 लाख, व्यावसायिक परिसर हेतु 20 लाख, सी.सी. सड़क के लिए 15 लाख, 2 पुलिया के लिए 12 लाख, नाव घाट तक सीसी रोड के लिए 9 लाख।

### मेधावी विद्यार्थियों को बांटे गए लेपटॉप और किताबें

मेधावी छात्र छात्राओं को टैबलेट और किताबें देकर सम्मानित किया। जिनमें प्रयास आवासीय विद्यालय जगदलपुर के विद्यार्थी कक्षा 10वीं के बजराज कुमार, कु. सोनाली साहू, दिव्यांश साहू और विकास कुमार सम्मानित किए। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में स्वामी आत्मानंद स्कूल जगदलपुर से नितेश कुमार बघेल, शास हायर सेकेंडरी स्कूल नगरनार की कु. मुस्कान महापात्र और शास. हायर सेकेंडरी स्कूल पडण्डीपानी के विक्रान्त सिंह ठाकुर को सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के वन समिति के 11 हितग्राहियों को वाहन का चॉबी वितरण किया। इसमें कोटमसर, तीरथगढ़ और कामानार के वन समिति के हितग्राही शामिल थे।

## खबर संक्षेप

### कुएं में गिरने से मासूम की मौत

**नगरी।** नगरी ब्लाक अंतर्गत रानीगांव में डेढ़ साल की मासूम भूमि की दर्दनाक मौत हो गई।



बताया जा रहा है कि सिहावा थाना अंतर्गत रानीगांव में रेखराज निषाद के घर के पीछे बाड़ी में डेढ़ साल की मासूम और पड़ोस की मासूम खेल रही थी, तभी भूमि निषाद ( 1एक साल 8 माह) खेलते-खेलते गहरे कुएं के पास जा पहुंची। कुएं के पास पहुंचने से मासूम का पैर फिसल गया। अपने आपको संभाल पाती इससे पहले मौत के कुएं में समा गई। मासूम के डूबने की खबर परिजनों को मिली तब तक बहुंत देर हो चुकी थी। कुएं में क़रीब 4 फीट पानी था, जिसके कारण मासूम पानी पी चुकी थी। डूबने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई। सिहावा थाना पुलिस ने मासूम के शव को पोस्टमार्टम के लिए नगरी भेजा दिया।

### छिंदारी मार्ग में माजदा पलटी, तीन की मौत

**छुईखदान।** वनांचल में तेन्दूपत्ता भरने के लिए मजदूरों को लेकर जा रही एक माजदा वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना में माजदा में सवार तीन मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं आठ घायल है, जिसे उपचार हेतु चिकित्सायल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार छुईखदान क्षेत्र में आज सुबह एक माजदा वाहन छुईखदान पिपरिया जलाशय छिंदारी मार्ग की ओर मजदूरों को लेकर वनांचल की ओर जा रही थी। उक्त वाहन ग्राम हाटबंजा से आधा किलोमीटर आगे पहुंची ही थी कि अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे इसमें सवार मजदूर नीचे गिर गए।

### प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से तीन ग्रामीण घायल

**बीजापुर।** नक्सलियो के द्वारा लगाये गये प्रेशर आईईडी के ब्लास्ट होने से तीन ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। घटना मद्देड़ थाना क्षेत्र का है। दम्पाया के तीन ग्रामीण एर्रागुफा पारा निवासी है जो पारिवारिक काम से बंदेपारा जा रहे थे। इसी दौरान शुक्रवार की सुबह लगभग साढे आठ-नौ बजें के आसपास नक्सलियो द्वारा लगाये गये प्रेशर आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से तीन ग्रामीण गोटे जोगा पिता समैया उम्र 45 वर्ष, विवेक ढोड़ी पिता नागैया उम्र 17 वर्ष और बडडे सुनिल पिता मिब्बा उम्र 20 वर्ष गम्भीररूप से घायल हो गये।

## विस में पीए, पीएस की ट्रेनिंग, बरसों बाद ऐसी पहल

# मंत्रियों के निज सचिव, सहायकों से डा. रमन बोले-ईमानदार होना ही नहीं, दिखना भी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

विधानसभा में 11 बरस में पहली बार मंत्रियों विधायकों के पीए, पीएस को ट्रेनिंग का कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डा.रमन सिंह ने वहां मौजूद पीए,पीएस से कहा कि क्षेत्र की जनता के सामने ईमानदार होना ही नहीं, दिखना भी चाहिए। हमारे काम से दिखना भी चाहिए। हमारे काम से ये समझ भी आता है कि विधायक जी भी इनवाल्व है तो आपकी मेहनत का कोई फल नहीं मिलेगा। आपकी जवाबदारी है। ऐसा नहीं है कि हम काम कर रहे हैं, आपको इसे हल्के से नहीं लेना है, क्योंकि पीए और पीएस इतना जवाबदार होता है कि वह पब्लिक में आगे बढ़ते जाता है, एक पीए विधायक बनने के बाद मंत्री भी बन गया है।

छत्तीसगढ़ विधानसभा में शुक्रवार को मंत्रियों और विधायकों के निज सचिवों और निज सहायकों को एक दिन की ट्रेनिंग दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने किया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, संसदीय कार्यमंत्री केदार कश्यप एवं विधानसभा के सचिव दिनेश शर्मा भी उपस्थित थे। इस अवसर पर डॉ. रमन सिंह ने अपने संबोधन की शुरुआत इन शब्दों में की। प्रशिक्षण एक सतत प्रक्रिया है एवं सीखने की कोई उम्र नहीं होती है। डॉ. रमन ने कहा कि निज सहायकों के प्रशिक्षण के माध्यम से हम विधानसभा सदस्यों की सुविधा का विस्तार करना चाहते हैं और हमें विश्वास है कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के उपरांत निज सहायकों के कार्यो में और अधिक गुणवत्ता एवं दक्षता आयेगी और वे सदस्यों के संसदीय दायित्व निर्वहन एवं जनप्रतिनिधि के रूप में प्रभावी भूमिका निर्वहन में उपयोगी एवं सहायक सिद्ध होंगे।



### डॉ महंत और केदार ने कही ये बात

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा कि सदस्यों को अपने दायित्वों के निर्वहन में निज सहायकों के सहयोग एवं भागीदारी की अत्यंत आवश्यकता होती है। इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम से निज सहायक शासकीय प्रक्रियाओं को और बेहतर तरीके से समझेंगे जिससे प्रजातांत्रिक व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी। संसदीय कार्यमंत्री केदार कश्यप ने कहा कि-व्यक्ति को सीखने का लाभ जीवन भर मिलता है। लोकतांत्रिक प्रक्रिया में निज सहायक सदस्यों के लिए एक प्रेरक तत्व की तरह कार्य करते हैं। विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि-छत्तीसगढ़ विधानसभा ने आरंभ से आज तक उत्कृष्टता के नव प्रतिमानों को स्पर्श किया है और यह प्रशिक्षण कार्यक्रम इसी दिशा में एक उल्लेखनीय प्रयास है।

### बिसेन ने साझा किया अनुभव

इस अवसर पर सोशल मीडिया एवं टेक्नोलॉजी का विधानसभा और शासन में बेहतर उपयोग के संबंध में अरुण कुमार बिसेन , विशेष सचिव, विधानसभा अध्यक्ष मुख्य वक्ता के रूप में अपना संबोधन दिया । उन्होंने बताया कि कैसे टेक्नोलॉजी का उपयोग कर किसी सिस्टम को एफिसिएंट बनाया जा सकता है साथ ही उन्होंने अपने २३ वर्ष के प्रशासनिक अनुभव को भी साझा किया । श्री अरुण ने बताया कि कैसे सोशल मीडिया का बेहतर उपयोग कर मंत्रियों एवं विधायकों की इमेज बिल्ड की जा सकती है ।



### वक्ताओं ने रखी अपनी बात

प्रशिक्षण कार्यक्रम के विभिन्न सत्रों में अरुण कुमार बिसेन ने निज सचिव, निज सहायक की विधानसभा एवं शासन में समन्वय के लिए भूमिका, सोशल मीडिया एवं टेक्नोलॉजी का बेहतर उपयोग पर अपनी बात रखी। दिनेश त्रिवेदी ने विधान सभा का गठन एवं विधानसभा के सत्र विषय पर ज्ञानेन्द्र उपाध्यय ने सुरक्षा व्यवस्था संबंधी, विषय पर, जीएस सलूजा ने सदस्यों के सफल जनप्रतिनिधि तथा संसदीय दायित्व निर्वहन में सहयोगी के रूप में भूमिका विषय पर आशीष शुक्ला ने लोक महत्व के विषय पर स्थगन प्रस्ताव, ध्यानाकर्षण सूचना एवं शून्यकाल, याचिका विषय पर सुधीर शर्मा ने प्रश्न एवं प्रश्नकाल विषय पर संकल्प एवं विधान सभा की समितियॉ डॉ. बलराम शुक्ला ने वित्तीय कार्य, विधायी कार्य विषय पर अपने व्याख्यान प्रस्तुत किये एवं प्रतिभागियों की शंका का समाधान किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 100 से अधिक निज सचिव, निज सहायकों ने भाग लिया एवं विभिन्न विषयों पर विषय-विशेषज्ञों से अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

## पुलिस से कहा- मुझे मरना है

# नशेड़ी ने थाने में ब्लेड से अपना गला काटा



**रायपुर।** मौदहापारा थाने के अंदर युवक द्वारा ब्लेड से गला काटने की घटना से पुलिस सकते में आ गई। आनन-फानन में थाने में मौजूद पुलिसकर्मी युवक को उपचार कराने अस्पताल लेकर गए। युवक की हालत सामान्य बताई जा रही है। जिस समय थाने में युवक ने गला काटा, उस समय थाने में कोतवाली सीएसपी तथा संबंधित थाने के टीआई के मौजूद होने की बात सामने आई है। घटना का सीसीटीवी फूटेज सामने आया है।

थाने के अंदर पुलिसकर्मियों के सामने जिस युवक ने अपना गला काटा, वह पुरानीबस्ती, कुशालपुर निवासी सूरजनाथ जोगी है। सीसीटीवी फूटेज में दिख रहा है कि सूरज शाम के समय थाने के अंदर पहुंचता है। मौके पर उपस्थित एक पुलिस स्टाफ सूरज को थाने आने का कारण पूछता है, तो वह कहता है मुझे मरना है। इसके बाद पुलिसकर्मी युवक से उसकी तकलीफ पूछते हैं। युवक पुलिसकर्मियों के सामने हाथ में छिपाकर लाए ब्लेड से अपना गला काट लेता है। इसके बाद मौके पर उपस्थित पुलिसकर्मी युवक के हाथ से ब्लेड छीनकर उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर जाते हैं।

### पूर्व में भी कर चुका है ऐसी हरकत

सूरज के बारे में जानकारी जुटाकर पुलिस ने उसके परिजनों से संपर्क किया, तो जानकारी मिली कि सूरज आदतन नशेड़ी है। सूरज के भाई ने पुलिस को बताया कि उसका भाई पूर्व में भी ऐसी हरकत कर चुका है। घटना के बाद पुलिस ने सूरज के खिलाफ फिलहाल कोई कार्रवाई नहीं की है।

# समीर, सौम्या, रानू सहित छह आज जेल से जमानत पर रिहा होंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कोल लेवी घोटाला मामले में जेल में बंद निलंबित आईएएस समीर विश्नोई, रानू साहू, राज्य प्रशासनिक सेवा की अफसर रही सौम्या चौरसिया, रजनीकांत तिवारी, संदीप नायक तथा विरेंद्र जायसवाल को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। इन सभी आरोपियों की शनिवार को जेल से रिहाई होगी। दस्तावेजी कार्रवाई पूरी नहीं होने की वजह से शुक्रवार को इनकी रिहाई नहीं हो पाई।

■ इन चारों को राज्य से बाहर रहने की शर्त पर सुप्रीम कोर्ट ने दी जमानत

सुप्रीम कोर्ट ने इन सभी आरोपियों को ईडी तथा ईओडब्लू द्वारा दर्ज कोल लेवी तथा डीएमएफ घोटाला से जुड़े सभी मामलों में जमानत दी है। उल्लेखनीय है कि डीएमएफ घोटाला मामले में ईओडब्लू ने तीन दिन पूर्व स्पेशल कोर्ट में चालान पेश किया है। इन सभी आरोपियों को जमानत दिए जाने की बचाव पक्ष के वकील फैजल रिजवी ने पुष्टि की है। कोल लेवी घोटाला मामले में पहली गिरफ्तारी आईएएस समीर विश्नोई की हुई थी। इसके बाद सौम्या चौरसिया की गिरफ्तारी हुई थी।



### अफसरों की गिरफ्तारी

- समीर विश्नोई - 13 अक्टूबर 2022
- सौम्या चौरसिया - 2 दिसंबर 2022
- रानू साहू - 22 जुलाई 2023

### सूर्यकांत तथा निखिल फिलहाल जेल में रहेंगे

सूर्यकांत तथा निखिल चंद्राकर को फिलहाल किसी तरह से कोई राहत नहीं मिली है। बचाव पक्ष के वकील के अनुसार सूर्यकांत की डीएमएफ घोटाला मामले की सुनवाई कोर्ट में पेंडिंग है, जिसकी 18 जुलाई को सुनवाई होगी। इसी तरह से निखिल चंद्राकर एक अन्य मामले में जेल में है, जिसमें उसकी जमानत नहीं हो पाई है, इस वजह निखिल जेल से रिहा नहीं हो पाएगा।

### शर्तों के साथ मिली जमानत

जिन आरोपियों को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत का लाभ दिया है, उनमें सौम्या, रानू, समीर विश्नोई तथा रजनीकांत के लिए शर्तें लागू की हैं। शर्तो के मुताबिक जमानत मिलने के बाद चारों छत्तीसगढ़ में नहीं रह सकते। इसके अलावा वे जहां रहेंगे, एक सप्ताह के भीतर स्थानीय कोर्ट को अपने पते की जानकारी देनी होगी। चारों को पेशी के दौरान ही छत्तीसगढ़ प्रवेश करने की अनुमति दी गई है। सभी को अपना पासपोर्ट कोर्ट में जमा करना होगा।

## डोंगरगढ़ मां बम्लेश्वरी मंदिर के रोपवे में फिर हादसा, खाली ट्रॉली डिरेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगढ़ मां बम्लेश्वरी मंदिर परिसर में पिछले डेढ़ माह पहले हुए रोपवे हादसे की अभी जांच भी पूरी नहीं हुई है और बुधवार को एक बार फिर रोपवे में फिर एक बड़ा हादसा होते हुए टल गया। ऊपर मंदिर से खाली उतर रही एक ट्राली नीचे पहुंचते ही डिरेल होकर झुक गई। घटना के बाद मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति ने पहले कोई भी घटना से इंकार किया, लेकिन सोशल मीडिया में वीडियो के वायरल होते ही खलबली मच गई है। इस मामले में मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट और रोपवे संचालन में लगी दामोदर इंफ्रा कंपनी की लापरवाही सामने आई है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम को ऊपर मंदिर से एक ट्राली खाली लौट रही थी। जैसे ही यह नीचे पहुंची वैसे ही डिरेल होकर ट्राली गिर गई।

### दर्शनार्थियों में दहशत

वर्तमान में जिस कंपनी के माध्यम से रोपवे का संचालन किया जा रहा है। इस कंपनी द्वारा कई स्थानों में लगाए गए रोपवे में खराबी के मामले सामने आ चुके हैं। झारखंड स्थित रोपवे में 2022 में खराबी आने के बाद 3 पर्यटकों की मौत हो चुकी है। वहीं 50 से 60 लोग 40 घंटे तक हवा में लटके रहे थे। इस मामले में कंपनी संचालक को दोषी पाने पर झारखंड सरकार ने जुर्माना लगाने के साथ 5 साल के लिए बैन कर दिया था। यहां लगे रोपवे में दुर्घटना होने से दर्शनार्थियों में दहशत का माहौल बनने लगा है।




छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल

www.cghb.gov.in

अटल विहार योजना के अन्तर्गत आवासीय मकान प्राप्त करने का सुनहरा अवसर

www.cghb.gov.in → ONLINE BOOKING → BOOK PROPERTY ONLINE

बुकिंग की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2025

सबके लिए आवास

श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

| स. क्रं. | उपलब्ध भवनों का प्रकार | भूखंड का क्षेत्रफल (वर्गफीट में) | भवन का कुर्सी क्षेत्र. (वर्गफीट में) | कार्पेट क्षेत्र. (वर्गफीट में) | भवनों का ऑफसेट मुल्य (रु. लाख में) | धरोहर राशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भुरकोनी, रायपुर, अटल विहार योजना | | | | | | |
| 1 | एम.आई.जी.(स्वतंत्र भवन) (2 बी. एच. के.) | 1614.00 | 993.90 | 760.95 | 31.52 | 3.15 |
| 2 | एल.आई.जी.(स्वतंत्र भवन) (2 बी. एच. के.) | 1063.09 | 595.35 | 523.37 | 20.13 | 0.50 |
| 3 | ई.डब्ल्यू.एस.(स्वतंत्र भवन) (1 बी. एच. के.) | 519.80 | 373.16 | 319.36 | 9.56 | 0.25 |
| सम्पर्क सूत्र - 0771-4903223, 9424209041, 7898710154, 9907840881, 9993339779, 8269069091 | | | | | | |
| सिहाद, तह-भखारा, जिला-धमतरी, अटल विहार योजना | | | | | | |
| 4 | एम.आई.जी. (स्वतंत्र भवन) (2 बी.एच.के.) | 1533.33 | 969.48 | 652.16 | 26.75 | 2.68 |
| 5 | एल.आई.जी. (स्वतंत्र भवन) (2 बी.एच.के.) | 1032.96 | 592.33 | 445.57 | 15.48 | 0.50 |
| 6 | ई.डब्ल्यू.एस. (स्वतंत्र भवन) (1 बी.एच.के.) | 591.80 | 396.50 | 307.41 | 7.72 | 0.25 |
| सम्पर्क सूत्र - 8827667477, 7771805020, 7566633725, 7000597559, 9200192752, 9907749771 | | | | | | |
| खरतुली, तह. व जिला-धमतरी, अटल विहार योजना | | | | | | |
| 7 | एम.आई.जी. (स्वतंत्र भवन) (2 बी.एच.के.) | 1614.00 | 1053.40 | 798.68 | 28.48 | 2.85 |
| 8 | एल.आई.जी. (स्वतंत्र भवन) (2 बी.एच.के.) | 1032.96 | 592.33 | 519.80 | 15.51 | 0.50 |
| 9 | ई.डब्ल्यू.एस. (स्वतंत्र भवन) (1 बी.एच.के.) | 591.80 | 381.98 | 319.60 | 7.66 | 0.25 |
| सम्पर्क सूत्र - 8827667477, 7771805020, 7566633725, 7000597559, 9200192752, 9907749771 | | | | | | |
| कोकड़ापारा, बीजापुर, अटल विहार योजना | | | | | | |
| 10 | एल.आई.जी.-। (स्वतंत्र भवन) (2 बी.एच.के.) | 1258.92 | 879.95 | 605.25 | 23.07 | 0.50 |
| 11 | एल.आई.जी.-।। (स्वतंत्र भवन) (2 बी.एच.के.) | 1032.96 | 774.72 | 527.77 | 19.27 | 0.50 |
| 12 | ई.डब्ल्यू.एस. (स्वतंत्र भवन) (1 बी.एच.के.) | 538.00 | 343.67 | 308.16 | 8.97 | 0.25 |
| सम्पर्क सूत्र - 9407979151, 9644303087, 8225956700 | | | | | | |

नियम एवं शर्तें - 1. धरोहर राशि ऑनलाईन पेमेंट गेटवे के माध्यम से क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, यू.पी.आई., आर.टी.जी.एस., एन.ई.एफ.टी. द्वारा जमा किया जा सकता है। 2. भवनों का आवंटन स्वविवेकीय ऑफर आधार पर ऑनलाईन के माध्यम से किया जाएगा। 3. [illegible] 4. सरल क्रमांक 1 से 12 तक की सम्पत्तियों का यह तीसरा विज्ञापन है, बुकिंग की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2025 के पश्चात भी आरक्षित वर्ग में भवन शेष रहते है तो इस स्थिति में समस्त आरक्षित भवन अनारक्षित वर्ग में मण्डल नियमानुसार परिवर्तित हो जायेंगे। 5. ऑनलाईन ऑफर आवेदन केवल मण्डल की वेबसाईट : www.cghb.gov.in के माध्यम से किया जा सकता है। 6. अन्य नियम एवं शर्तें आवेदन पत्र में उल्लेखानुसार मान्य होगा। 7. [illegible] मण्डल की वेबसाईट : www.cghb.gov.in

अधिक जानकारी के लिये स्कैन करें

सबके घर की आस, सबके लिए आवास, छ.ग. गृह निर्माण मंडल पर सबका विश्वास

टोल फ्री नं. 1800 121 6313


## रायपुर के तीन सहित प्रदेश के 17 लोगों से किरायानामा बनवाया

# वक्फ अध्यक्ष सलीम की दो टूक- देना होगा किराया नहीं तो कर देंगे बेदखल, 437 को अंतिम नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेशभर में वक्फ बोर्ड की संपत्ति को लेकर वक्फ बोर्ड ने बड़ा एक्शन लिया है। प्रदेशभर में 500 करोड़ की संपत्ति की फर्जी रजिस्ट्री की बात कहते हुए बोर्ड ने प्रदेशभर में 562 को नोटिस दिया है। इसमें से 125 ने समय मांगा है, बाकी 437 को शुक्रवार को अंतिम नोटिस थमाया गया। वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज का साफ कहना है, वक्फ की संपत्ति पर काबिज हैं, तो किराया देना होगा, नहीं तो बेदखल कर दिए जाएंगे। राजधानी रायपुर के तीन सहित प्रदेश के 17 लोगों के साथ किरायानामा का अनुबंध हो गया है। जिन 437 को नोटिस दिया गया है, उसमें रायपुर के भी 40 लोग शामिल हैं। इसमें राजधानी रायपुर के मालवीय रोड के लक्ष्मी इलेक्ट्रॉनिक्स, एवन बेकरी, सुप्रीम फूटवियर, पगारिया ज्वेलर्स सहित कई दुकानदार शामिल हैं। वक्फ अध्यक्ष डा. सलीम राज का कहना किसी भी हाल में वक्फ की संपत्ति पर किसी को कब्जा करने नहीं दिया जाएगा। वक्फ की एक-एक जमीन को कब्जा मुक्त कराएंगे। जो भी लोग संपत्ति वक्फ की न होने का दावा कर रहे हैं, वो गलत है। हमने सारे दस्तावेज देखने के बाद ही नोटिस जारी किए हैं।




### कलेक्टर गाइडलाइन से तय होगा किराया

डा. सलीम राज का साफ कहना है, प्रदेश में जिन 437 लोगों को नोटिस दिया गया है, सभी को 15 दिनों का समय दिया गया है। जो दुकानदार और जमीन पर काबिज लोग वक्फ को किराया देने के लिए सहमत होंगे, उनके साथ अनुबंध किया जाएगा। वक्फ का इरादा किसी को भी बेदखल करने का नहीं है, लेकिन जो किराया देने तैयार नही होंगे, उनके खिलाफ कड़ाई से कार्रवाई होगी और उनको बेदखल किया जाएगा। किराए के बारे में उन्होंने बताया, किराया कलेक्टर गाइडलाइन के मुताबिक तय होगा।

### रायपुर के तीन से किराए का अनुबंध

डॉ. सलीम राज ने बताया प्रदेशभर से 17 लोगों के साथ किराए का अनुबंध किया गया है। इसमें रायपुर के हलवाई लाइन के भी तीन मो. अफजल, सकीना बानो और अब्दुल रहीम शामिल हैं। इसमें दो मकान हैं, उसका किराया 35 सौ रुपए और एक दुकान का किराया 22 हजार रुपए तय किया गया है।

रायपुर, शनिवार 31 मई 2025 | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष पंचमी | वर्ष : 23, अंक : 313 | पृष्ठ : 12+6+4 = 22 मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

- बरसात में पानी टपकने से पढ़ाई होती है प्रभावित
- अतिरिक्त कक्ष के एक कमरे में एक साथ पढ़ते हैं पांच कक्षाओं के बच्चे
- 34 स्कूलों पर अभी चल रहा है काम



अंबिकापुर जिला



# खपरैल के भवन और टीन शेड में स्कूल

## सरगुजा की 154 शालाओं की मरम्मत ठप, बच्चों की सिर पर टपकेगी मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बिकापुर

खास खबर

एक पखवाड़े बाद नया शिक्षा सत्र प्रारंभ होगा। सरगुजा जिले में ऐसे दर्जनों स्कूल हैं जिनका संचालन वर्षों से जर्जर भवनों में हो रहा है। विभाग द्वारा ऐसे जर्जर भवनों के सुधार की पहल नहीं की गई है। नए सत्र में अपना भविष्य गढ़ने के लिए बच्चे पानी टपकते भवनों में पढ़ाई करने मजबूर होंगे। स्कूल जतन योजना के तहत कई स्कूलों की मरम्मत हो चुकी है, पर 154 विद्यालय ऐसे हैं, जिसका काम शुरू ही नहीं हो सका है। 34 पर अभी काम चल रहा है। जाहिर है, बारिश में मुसीबत जमकर टपकेगी। 15 जून से नया शिक्षा सत्र प्रारंभ होगा। इसके साथ ही स्कूलों की रौनक ▶▶|शेष पेज 7 पर

### की जाएगी वैकल्पिक व्यवस्था

सत्र में किसी भी जर्जर स्कूल भवन में कक्षाओं का संचालन नहीं किया जाएगा। स्कूल भवनों की वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी। अधिकांश जर्जर भवनों की वैकल्पिक व्यवस्था पिछले साल कर दी गई थी। आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त भवनों की वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी। स्कूल जतन योजना के अधिकांश कार्य पूरे हो गए हैं।

- एके सिन्हा, जिला शिक्षा अधिकारी, सरगुजा

### स्कूलों का जतन नहीं कर पाए

*दो साल पूर्व शासन ने स्कूल जतन योजना के तहत सरगुजा के 1404 स्कूल भवनों की मरम्मत एवं 252 स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष निर्माण की स्वीकृति प्रदान की थी। तीन साल का लंबा समय गुजरने के बावजूद न तो स्कूलों की मरम्मत का कार्य पूरा हो सका है न ही अतिरिक्त कक्ष निर्माण ही। शासन द्वारा योजनान्तर्गत 1404 स्कूल भवनों की मरम्मत की स्वीकृति प्रदान की गई थी जिसमें 1154 भवन में मरम्मत परी हो गई है तथा 34 भवनों की मरम्मत अभी चल रही है जबकि 154 भवनों की मरम्मत का कार्य अभी शुरू तक नहीं हो सका है। इसी तरह योजनान्तर्गत स्वीकृत 252 अतिरिक्त कक्षों में से 78 का निर्माण पूरा हो गया है तथा 20 का निर्माण चल रहा है जबकि 78 भवनों का निर्माण कार्य प्रारंभ तक नहीं हो सका है। बरसात में भवनों की मरम्मत एवं निर्माण संभव नहीं होने के कारण छात्र-छात्राओं को भवन की हालत में सुधार करने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ेगा।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### तीस्ता नदी में वाहन गिरा एक की मौत, आठ लापता



**गंगटोक।** उत्तर सिक्किम के मंगन जिले में 11 पर्यटकों को ले जा रहे एक वाहन के तीस्ता नदी में गिर जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, दो घायल हो गए और आठ अन्य लापता हैं। पुलिस के अनुसार, यह हादसा लाचेन-लाचुंग राजमार्ग पर मुन्सिथांग के पास हुआ जब पर्यटकों का वाहन लगभग 1,000 फुट से नीचे तीस्ता नदी में जा गिरा।

### ट्रेनों पर पथराव करने वाले तीन गिरफ्तार



**बालासोर।** दक्षिण पूर्व रेलवे के खड़गपुर मंडल में दो चलती ट्रेनों पर कथित रूप से पथराव करने के आरोप में रेलवे सुरक्षा बल ने एक व्यक्ति और दो किशोरों को पकड़ा है। आरोपियों में ओडिशा के बस्ता थाना अंतर्गत हल्दीपाड़ा निवासी सत्यनारायण साहू और पश्चिम बंगाल के दो नाबालिग शामिल हैं।

### बयान पर अड़े, कहा- माफी नहीं मांगूंगा



**चेन्नई।** अभिनेता-नेता कमल हासन ने अपने बयान को लेकर एक बार फिर माफी मांगने से इनकार करते हुए कहा कि वह कानून और न्याय में विश्वास करते हैं तथा कर्नाटक के लिए उनका प्यार सच्चा है। हासन ने कहा था कि कन्नड़ भाषा का जन्म तमिल से हुआ है। हासन ने कहा फिल्म का बहिष्कार करने की धमकी देना कोई नई बात नहीं।

### डिवाइडर से टकराई बस पांच की मौत, 15 घायल



**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में एक तेज रफ्तार बेकाबू बस के डिवाइडर से टकराकर पलट जाने से उस पर सवार पांच यात्रियों की मौत हो गयी तथा 15 घायल हो गये। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ ने बताया कि हादसा बक्शा थाना क्षेत्र के कुल्हनामऊ गांव के पास हुआ।

### बलिया में गंगा घाट पर नहाते तीन लड़कों की मौत



**बलिया।** बलिया जिले के दोकटी क्षेत्र में गंगा नदी में नहाते समय डूबने से तीन लड़कों की मौत हो गई। बैरिया क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक मोहम्मद फहीम कुरैशी ने बताया कि सावन छपरा गांव के विनय गोंड, संदीप गोंड और वसीम बृहस्पतिवार को ट्यूशन पढ़ने के लिए अपने-अपने घरों से साइकिल से निकले थे।

## कानपुर और बिहार में बोले मोदी- आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी

# परमाणु बम की 'गीदड़ भभकी' से नहीं डरता भारत, दुश्मन जहां होगा वहीं हौंक दिया जाएगा

एजेंसी ▶▶| कानपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान को सख्त संदेश देते हुए कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' अभी खत्म नहीं हुआ है और अब हर आतंकवादी हमले का करारा जवाब देने का इरादा कर चुका भारत परमाणु बम की 'गीदड़ भभकी' से डरने वाला नहीं है। प्रधानमंत्री ने कानपुर से अपने जुड़ाव को प्रदर्शित करते हुए पाकिस्तान को एक तल्ख संदेश दिया और कहा, ''अगर मैं सीधी-सीधी कनपुरिया भाषा में कहूं तो दुश्मन कहीं भी होगा, हौंक (ठोक) दिया जाएगा। वहीं बिहार के काराकट में जनसभा में मोदी ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई बंद नहीं हुई है यह तब तक जारी रहेगी जब तक आतंकवाद जड़ से समाप्त नहीं हो जाता।

मोदी ने कहा कानपुर में विकास का यह कार्यक्रम पहले 24 अप्रैल को होने वाला था लेकिन पहलगाम हमले के कारण मुझे अपना कानपुर दौरा रद्द करना पड़ा। पहलगाम के कायराना आतंकवादी हमले में हमारे कानपुर के बेटे शुभम द्विवेदी भी उस बर्बरता का शिकार हुए। बेटी ऐशान्या की वह पीड़ा वह कष्ट और भीतर का आक्रोश हम सब महसूस कर सकते हैं। हमारी बहनों और बेटियों का वही आक्रोश ऑपरेशन सिंदूर के रूप में पूरी दुनिया ने देखा है।




### हमने बोला था- आतंकियों के शिविर नष्ट कर देंगे : मोदी



**काराकाट।** बिहार के दो दिवसीय दौरे पर यहां आए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत की सैन्य कार्रवाई का जिक्र करते हुए कहा कि आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई जारी रहेगी। मोदी ने काराकाट में एक रैली में कहा, 'पहलगाम हमले के एक दिन बाद मैंने बिहार का दौरा किया था और कहा था कि आतंकवादी शिविर नष्ट कर दिए जाएंगे। मैंने वह वादा पूरा किया।' उन्होंने कहा, 'हमारे सुरक्षा बलों ने पाकिस्तान में आतंकवादी ढांचों पर हमला किया। उन्होंने कभी नहीं सोचा होगा कि भारत इतने बड़े फैसले ले सकता है।'

### गरीबों को लूटने वाले सत्ता हथियाना चाहते हैं, हमने माओवाद खत्म किया

प्रधानमंत्री मोदी ने काराकाट रैली में आरोप लगाया कि बिहार में राष्ट्रीय जनता दल के पूर्व शासन के दौरान लालू प्रसाद और उनके परिवार ने गरीब लोगों से जमीन ही छीन ली। उन्होंने कहा, ''जिन लोगों ने सामाजिक न्याय की आड़ में बिहार में गरीबों और दलितों को धोखा दिया, वे अब सत्ता हथियाने की कोशिश कर रहे हैं।'' मोदी ने कहा, ''जब 2014 में राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) सरकार केंद्र में आई थी, तब भारत में माओवाद प्रभावित जिले 125 थे, अब इनकी संख्या 18 है।

#### पुंछ में बोले गृहमंत्री शाह

### दुश्मन को जो चोट मिली उसे बरसों याद रखेगा



**श्रीनगर।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह खुद बैसरन वैली पहुंचे। अमित शाह ने जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल की मौजूदगी में एक उच्च स्तरीय बैठक भी ली। शाह ने सीमा सुरक्षा बल के जवानों से कहा कि दुश्मन को जो चोट आपने दी है। उसकी भरपाई करने में उसे पांच से छह साल लगेंगे। शाह ने कहा कि आपकी सटीक जानकारी काम आई। मैं यहां पर आपको पूरे देश की ओर से बधाई देने आया हूं। गृह मंत्री अमित शाह ने पुंछ जिले में सीमापार गोलाबारी से प्रभावित गुरुद्वारा सिंह साहिब का दौरा किया और मत्था टेका। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीमा पार से गोलाबारी में प्रभावित लोगों से मुलाकात की और पीड़ित परिवार को रोजगार नियुक्ति पत्र सौंपे। गृह मंत्री अमित शाह ने पुंछ में गीता भवन मंदिर का दौरा किया और पूजा-अर्चना की। अमित शाह ने कहा कि हम भारत के नागरिकों, सेना या भारत की सीमा पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण सहन नहीं करेंगे।

## मुंबई इंडियंस ने गुजरात को आईपीएल से किया बाहर



300 छक्के पूरे

- 07 हजारी बने हिटमैन
- 81 रन से बने मैच के हीरो
- 20 रन से गुजरात को हराया
- 01 जून को पंजाब से मुकाबला

**मुल्लांपुर।** मुंबई इंडियंस ने इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के एलिमिनेटर मुकाबले में शुक्रवार को गुजरात टाइटन्स को 20 रनों से हरा दिया। मुल्लांपुर के महाराजा यादविंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित इस मुकाबले में मुंबई ने गुजरात को जीत के लिए 229 रनों का टारगेट दिया था। जिसका पीछा करते हुए गुजरात की टीम 20 ओवरों में 6 विकेट पर 208 रन ही बना सकी।

इस जीत के साथ ही मुंबई इंडियंस क्वालिफायर-2 में पहुंच गई, जहां उसका मुकाबला पंजाब किंग्स से होगा। वहीं गुजरात टाइटन्स टूर्नामेंट से आउट हो गई। क्वालिफायर-2 मुकाबला 1 जून को अहमदाबाद में खेला जाना है। क्वालिफायर-2 मुकाबले की विजेता का फाइनल में सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से 3 जून को होगा।

### रोहित ने मचाया धमाल

रोहित शर्मा ने 81 रन बनाए। जॉनी बेयरस्टो 47 रन पर आउट हो गए। इसके बाद सूर्यकुमार यादव ने 20 गेंदों का सामना किया और 33 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इस मैच में रोहित शर्मा ने 28 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। इसके अलावा उन्होंने आईपीएल में 300 छक्के भी पूरे कर लिए। वह आईपीएल में 300 छक्के का आंकड़ा छूने वाले पहले सक्रिय खिलाड़ी बन गए।

## विष्णु मंदिर में पूजा कर मांगी खुशहाली की कामना





**जगदलपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बस्तर जिले के प्रवास के दौरान ग्राम नारायण पाल स्थित भगवान विष्णु (नारायण) मंदिर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने भगवान विष्णु मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि, खुशहाली और शांति की कामना की। इस अवसर पर बस्तर सांसद महेश कश्यप, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. बसव राजू एस सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## भारत की जीडीपी दर में 7.4% की बढ़ोतरी




**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतिम तिमाही के जनवरी से मार्च तक के आंकड़े जारी किए हैं, जिसमें विकास दर में अच्छी बढ़ोतरी हुई है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के मुताबिक, मार्च में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत रही, जो पिछली तिमाहियों में सबसे अधिक है। हालांकि, पूरे वित्तीय वर्ष 2025 में जीडीपी 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ी है, जो 4 साल के निचले स्तर पर है। वित्तीय वर्ष की अंतिम तिमाही की जीडीपी में आई बढ़ोतरी की वजह अच्छा मानसून रहा। -देखें पेज 8 भी

## तुर्किए और फिलीपिंस के वामपंथी संगठनों ने दी श्रद्धांजलि

# नक्सल चीफ बसवराजु का इंटरनेशनल कनेक्शन !

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

खास खबर

अबूझमाड़ मुठभेड़ में मारे गए 10 करोड़ के ईनामी नक्सल चीफ के इंटरनेशनल कनेक्शन सामने आना शुरू हो गया है। तुकी व फिलीपिंस के वामपंथी संगठनों में वीडियो जारी कर नक्सल चीफ बसवराजु को श्रद्धांजलि देते भारत सरकार की निंदा की है। खबर है कि श्रीलंका में भी बसवराजु को श्रद्धांजलि देने की तैयारी शुरू हो गई है। टर्किश वामपंथी संगठन ने वीडियो जारी किया है। जो देश के सुरक्षा तंत्र और सियासी जगत के लिए हैरान कर देने वाला है। वीडियो में ▶▶|शेष पेज 7 पर

### भारत सरकार की निंदा करते जारी किया वीडियो

#### क्रूर अतीत को महिमामंडित नहीं होने दिया जाएगा

आईजी ने कहा कि प्रतिबंधित और अवैध सीपीआई (माओवादी) संगठन के कैडरों और समर्थकों द्वारा बसवराजु के रक्तरंजित क्रूर इतिहास को छिपाकर उनका क्रूर अतीत को महिमामंडित करने का कोई भी प्रयास सफल नहीं होगा। दुनिया अब नक्सलवाद का असली और भयानक चेहरा देख चुकी है जो कि पूरी तरह से आदिवासी विरोधी, अमानवीय और विकास विरोधी है। हम सरकार के ▶▶|शेष पेज 7 पर



### बसवराजु एक क्रूर, अप्रासंगिक व विफल विचारधारा का प्रवर्तक था: आईजी



आईजी सुंदरराज पी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि तुर्की के वामपंथी उग्रवादी संगठनों द्वारा मृत सीपीआई (माओवादी) महासचिव बसवराजु से संबंधित जारी वीडियो की प्रामाणिकता और मौलिकता जांच का विषय है लेकिन सच्चाई यह है कि न केवल बस्तर के लाखों निवासी ही नहीं, बल्कि पूरे देश के नागरिक भी सीपीआई (माओवादी) के सरगना बसवराजु की मौत के ▶▶|शेष पेज 7 पर



एस्ट्रोनॉमर ने स्पेस में एक ऐसे कॉस्मिक ऑब्जेक्ट की खोज की है, जो हैरान करने वाला है। एस्ट्रोनॉमर ने बताया कि वो हर 44 मिनट दो मिनट तक रेडियो तरंगें और एक्स-रे छोड़ती है। इसका नाम एएसकेएपी जे1832- 0911 रखा गया है, लेकिन कोई नहीं जानता कि यह क्या है?

# स्पेस से हर 44 मिनट में 120 सेकंड के लिए धरती पर आ रही यह रहस्यमय चीज

एजेंसी ▸▸ वॉशिंगटन

इन रहस्यमय संकेतों को ऑस्ट्रेलियाई स्क्वायर किलोमीटर एरे पाथफाइंडर और नासा के चंद्रा एक्स-रे ने पकड़ा था। इनकी खोज इतनी अजीब है कि इस खोज के पीछे के वैज्ञानिकों को लगता है कि यह कॉस्मिक मिस्ट्री नई भौतिकी को खोल सकता है, ऐसा कुछ जो पहले कभी नहीं खोजा गया है। नासा और एएसकेएपी के इस खुलासे को नेचर जर्नल में पब्लिश्ड किया गया है। इसके लीड ऑथर और ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में मौजूद कर्टिन यूनिवर्सिटी के खगोलशास्त्री एंडी वांग ने एक बयान में कहा, 'यह वस्तु ऐसी किसी भी वस्तु से अलग है जिसे हमने पहले कभी नहीं देखा है।' उन्हें बस इतना पता है कि एएसकेएपी जे1832- 0911 एक लॉन्ग टर्म ट्रानजिएंट है।

## पहली बार 2022 में खोजा गया था, आज तक केवल 10 एलपीटी का ही दस्तावेजीकरण



### अत्यंत दुर्लभ खगोलीय घटना

ये ऑब्जेक्ट्स एक अत्यंत दुर्लभ खगोलीय घटना हैं और कॉस्मिक लाइट हाउस की तरह रेडियो तरंगों की किरणों के साथ स्पेस में फैलती हैं। इसे पहली बार 2022 में खोजा गया था, और आज तक केवल 10 एलपीटी का ही दस्तावेजीकरण किया गया है। हालांकि, रिसर्चर ने इस रहस्य को सुलझाने के लिए इस ऑब्जेक्ट को कॉस्मिक बॉडीज के दो ग्रुप में फिट करने की भी कोशिश की। वांग का मानना है कि यह 'मैग्नेटर (ताकतवर चुंबकीय क्षेत्रों वाले डेड स्टार्स का केंद्र) हो सकता है, या यह बाइनरी सिस्टम में तारों का एक जोड़ा हो सकता है।

### मैग्नेटर या बाइनरी सिस्टम?

हालांकि, उनका कहना है कि ये सिद्धांत भी यह नहीं बताते कि इस वस्तु के मामले में क्या हो रहा है। उन्होंने कहा, 'यह खोज एक नए प्रकार के भौतिकी या तारकीय विकास के नए मॉडल का संकेत दे सकती है।' रेडियो सिग्नल के सस्पेक्ट पल्सर हैं, जो न्यूट्रॉन सितारों का नतीजा हैं। जबकि, इमिटेड सिग्नल कुछ सेकंड या मिलीसेकंड तक चलते हैं। हालांकि, एलपीटी अलग हैं, क्योंकि पल्सर के उलट, वे हर कुछ मिनट या घंटों के अंतराल पर पल्स बाहर निकालते हैं। वैज्ञानिक अभी भी इतने लंबे और नियमित अंतराल के पीछे की वजह को समझने के लिए काम कर रहे हैं।



### पहली बार एलपीटी का पता चला था?

वैज्ञानिकों ने सबसे पहले एएसकेएपी दूरबीन का इस्तेमा करके इस वस्तु को खोजा। बाद में उन्होंने चंद्रा एक्स-रे वेधशाला की तरफ रुख किया और जो उन्होंने देखा था उसकी पुष्टि की। यह पहली बार था जब एक्स-रे में एलपीटी का पता चला था। इस न्यू स्टडी के एक दूसरे लेखक, स्पेन में कैटलन इंस्टीट्यूट फॉर स्पेस स्टडीज के खगोल नंदा री का मानना है कि अगर वहां एक ऐसी वस्तु है, तो वहां कई और भी होंगी।

## रोचक खबरें

## आरसीबी फाइनल नहीं जीती तो पति को दे दूंगी तलाक, पोस्टर देख लोग हैरान




**बेंगलुरु।** आईपीएल 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु आरसीबी की फाइनल में एंट्री ने फैंस के बीच जबर्दस्त उत्साह पैदा कर दिया है। लेकिन, इस खुशी के माहौल में एक महिला फैन ने जो किया वह इंटरनेट पर चर्चा का बड़ा कारण बन गया है। उसका एक पोस्टर इतना वायरल हुआ कि लोग हंसते-हंसते लोटपोट हो गए और सोशल मीडिया पर मीम्स की बाढ़ आ गई। कई लोग इस पोस्टर को देख के इसे अपने दोस्तों में भी शेयर कर रहे हैं।

**सोशल मीडिया पर वायरल हुआ पोस्टर :** 29 मई को चंडीगढ़ के महाराजा यादविंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में आरसीबी और पंजाब किंग्स के बीच क्वालिफायर 1 मुकाबला खेला गया। मैच के दौरान एक महिला फैन लाल साड़ी पहनकर दर्शकों के बीच पहुंची और एक पोस्टर दिखाया, जिस पर लिखा था, 'अगर आरसीबी फाइनल नहीं जीतती तो मैं अपने पति को तलाक दे दूंगी।'

### यूजर्स ने दी बेहद ही मजेदार प्रतिक्रियाएं

यह पोस्टर देखते ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। कुछ लोगों ने इसे मजाकिया अंदाज में लिया, तो कुछ ने गंभीर चर्चा भी शुरू कर दी। एक यूजर ने चुटकी ली, आरसीबी जीते या हारे, इनका तलाक तो तय लग रहा है। दूसरे यूजर ने पूछा, बेचारे पति की क्या गलती है? एक और यूजर ने लिखा, किस्मत वाला है ये पति, जो क्रिकेट मैच की वजह से वायरल हो गया। बता दें कि आरसीबी की टीम अब तक 2009, 2011 और 2016 में फाइनल खेल चुकी है, लेकिन कभी ट्रॉफी नहीं जीत पाई। अब चौथी बार टीम ने फाइनल में जगह बनाई है। अब तो यह फाइनल मैच के बाद ही पता चलेगा कि क्या यह सीजन आरसीबी के नाम रहेगा या नहीं।

## सुहागरात पर दुल्हन करती रही इंतजार पर दूल्हा खेल रहा था कुछ और ही खेल

**सिडनी।** हर लड़की अपनी शादी के दिन को एक सुनहरे सपने की तरह देखती है। एक ऐसा दिन, जो उसकी लाइफ की सबसे खूबसूरत लम्हों में से एक बन जाए। अपनी शादी को लेकर ऑस्ट्रेलिया की काइली के दिल में भी हजारों अरमान पल रहे थे। लेकिन, उन्होंने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा



कि जिस दिन को वह सबसे हसीन बनाने की चाहत रखती हैं, वही दिन उनकी जिंदगी का सबसे भयानक पल बन जाएगा। काइली ने ऑस्ट्रेलियाई रेडियो शो 'लेट ड्राइव विद बेन, लियाम एंड बेले' पर अपनी आपबीती शेयर की। उन्होंने बताया कि कैसे उनकी खुशहाल जिंदगी उस समय अचानक खत्म हो गई, जब दूल्हा बना बॉयफ्रेंड शादी के बीच में ही उन्हें छोड़कर गायब हो गया। महिला ने बताया कि उसका पति पूरे समय किसी और को डेट कर रहा था। लेकिन, तब उसे जोर का सदमा पहुंचा, जब पता चला कि उसकी सौतन कोई और नहीं, बल्कि अपनी चचेरी बहन थी। हालांकि, काइली अब इस बुरे सपने से निकल चुकी हैं, और पति से तलाक भी ले चुकी हैं। लेकिन, इस अनुभव ने काइली को बुरी तरह हिलाकर रख दिया।

## नाइजीरिया में दुल्हन पर लुटाते हैं पैसे मुस्कुराने के बाद रुकता है सिलसिला!

**नई दिल्ली।** दुनियाभर के अलग-अलग देशों में शादी से जुड़ी कई अजीबोगरीब परंपराएं हैं, जिनके बारे में जानकर हैरानी होती है। इनमें से कहीं पर सुहागरात के दिन दुल्हन की मां कमरे में मौजूद रहती है, तो कहीं पर शादी के तीन दिन तक शौच करने पर प्रतिबंध है। वहीं, किसी जगह पर दुल्हन को



किडनैप करने का रिवाज है। एक दूल्हा अपने होने वाली दुल्हन पर पैसे लुटा रहा है। इस चक्कर में दूल्हा कंगाल तक हो जाता है, लेकिन दुल्हन मालामाल हो जाती है। ऐसा कहा जा रहा है कि दूल्हे को तब तक पैसे देने होते हैं, जब तक दुल्हन मुस्कुराए नहीं। वीडियो के ऊपर कैप्शन में लिखा है, 'परंपरा है कि दूल्हे को पैसे छिड़ककर दुल्हन के चेहरे पर मुस्कान लाना होता है, लेकिन दुल्हन तैयार होकर आई थी।' वेडिंग हॉल में दुल्हन बन-संवरकर कुर्सी पर बैठी हुई है। उसका चेहरा बिल्कुल गंभीर है। वीडियो में दूल्हा उसके ऊपर पैसे न्योछावर कर रहा है। वेडिंग हॉल में मेहमानों की भीड़ लगी हुई है। दूल्हा धीरे-धीरे करके दुल्हन को पैसे दे रहा होता है। दुल्हन उन पैसों को देखती रहती है, लेकिन उसके चेहरे पर जरा सा भी मुस्कान नहीं आता। दूसरी ओर दूल्हा पहले एक-एक नोट देता है। इसके बाद जब हाथ में रखे पैसे खत्म हो जाते हैं, तो वह बैग खोलता है। लेकिन, दुल्हन के चेहरे का भाव जरा सा भी नहीं बदलता। दूल्हा फिर से एक-एक नोट देता है, लेकिन बैग के पैसे भी खाली हो जाते हैं। नोटों की गड्डियों से थाली जब पूरी तरह भर जाती है, तब भी दुल्हन मुस्कुराने से पहले आश्वस्त हो जाना चाहती है कि पैसे और तो नहीं आएंगे? जब तक पैसे दुल्हन के पास आते रहे, वो वैसे ही गंभीर बनी रही, मानो न मुस्कुराने की तैयारी करके आई हो।

## शोध

# खोजा 140000 साल पुराना शहर विलुप्त मानव की मिली हड्डियां

दक्षिण-पूर्व एशिया में होमो इरेक्टस की एक अनजान आबादी के बारे में चलता है पता

एजेंसी ▸▸ जकार्ता

दुनियाभर के रहस्यों को जानने के लिए लगातार शोध किए जा रहे हैं। अब इन बीच वैज्ञानिकों ने इंडोनेशिया के जावा द्वीप के पास समुद्र तल से 6 हजार से अधिक जीवश्म बाहर निकाले हैं। इनमें विलुप्त हो चुके मानव पूर्वज होमो इरेक्टस की हड्डियां मिली हैं। इस खोज से दक्षिण-पूर्व एशिया में होमो इरेक्टस की एक अनजान आबादी के बारे में पता चलता है। यह आबादी शायग आधुनिक मानव के साथ मिली-जुली थी। इंडोनेशियाई द्वीपसमूह के डूबे हिस्सों में पहली बार जीवाश्म मिले हैं।



### विशाल मैदानों और नदियों से भरा हुआ था

करीब 1,40,000 साल पहले समुद्र का स्तर कम था, तो उस दौरान जावा जैसे द्वीप एशियाई मेनलैंड से जुड़े हुए थे। इस इलाके को सुंडालैंड कहा जाता था। यह विशाल मैदानों और नदियों से भरा हुआ था। नए जीवाश्मों से खुलासा हुआ है कि इन नदियों में मछलियां, कछुए, नदी शार्क, हिप्पो और अन्य समुद्री जीव थे। मैदानी इलाकों में हाथी, स्टेगोडन ( हाथी की तरह जीव) और भैंस जैसे बड़े जानवर रहते थे। इस उपजाऊ इलाके में होमो इरेक्टस शिकार करता था। विशेष तौर जावा और मादुरा द्वीप के बीच जिसे अब मादुरा स्ट्रेट के नाम से डूबे समुद्री क्षेत्र के तौर जाना जाता है।

### जीवाश्मों पर मिले हैं कट के निशान

वैज्ञानिकों को कुछ जीवाश्मों पर कट के निशान मिले हैं। इनसे पता चलता है कि मादुरा स्ट्रेट के होमिनिन (मनुष्य और उनके करीबी रिश्तेदार) कछुओं और बड़े जानवरों का शिकार करते थे, जो दक्षिण-पूर्व एशिया में कछुओं के शिकार का सबसे पुराना सबूत है। जीवाश्मों से जानकारी मिली है कि ये होमिनिन गाय जैसे जानवरों को अपना शिकार बनाते थे। यह इंडोनेशिया के होमो इरेक्टस में आम बात नहीं थी। यह एशियाई मेनलैंड पर रहने वाले आधुनिक मानवों की रणनीति थी। इससे यह लगता है कि हो सकता है होमो इरेक्टस ने यह रणनीति दूसरी मानव प्रजातियों से सीखी हो।



### क्या है होमो इरेक्टस की कहानी?

मानव की विकास यात्रा का होमो इरेक्टस बेहद अहम भाग है। यह प्रजाति 20 लाख साल पहले सामने आई और मानव जैसे शरीर की बनावट वाली पहली प्रजाति थी, जो अफ्रीका से निकलकर दक्षिण-पूर्व एशिया तक पहुंची। अन्य प्राचीन मानव जैसे डेनिसोवन्स और निएंडरथल भी इस इलाके में आए, लेकिन उनके बीच कितना मेल-जोल था इसकी जानकारी नहीं है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जावा में होमो इरेक्टस 1,17,000 से 1,08,000 साल पहले तक जीवित रहा और फिर विलुप्त हो गया। हमारी प्रजाति होमो सेपियन्स करीब 77,000 साल पहले दक्षिण-पूर्व एशिया में पहुंची।

## इस शहर को कहा जाता भूतिया, पचास साल से पड़ा है वीरान



**निकोसिया।** दुनिया में कई ऐसे रहस्यमयी शहर हैं, जिनके बारे में बेहद कम लोगों को जानकारी है। एक ऐसा ही साइप्रस देश का वरोशा शहर रहस्य है, जो कभी आबाद हुआ करता था, लेकिन अब यह शहर वीरान पड़ा है। वरोशा शहर को दुनिया के सबसे बड़े घोस्ट टाउन (भूतों का शहर) के तौर पर भी जाना जाता है। यहां पर ऊंची-ऊंची इमारतें तो बनी हुई हैं, लेकिन यहां पर रहता कोई नहीं है। इस शहर में मौजूद होटल, रेजिडेंशियल (आवासीय) इमारतों से लेकर बार और रेस्टोरेंट तक सब अब खंडहर में तब्दील होने की कगार पर हैं।

**40 हजार थी शहर की आबादी :** फमागस्ता प्रांत के वरोशा में एक छोटे से हिस्से को छोड़कर अब यहां के ज्यादातर बीच हमेशा-हमेशा के लिए बंद कर दिए हैं। फेंसिंग में कैद इस शहर के अंदर घुसना तो दूर की बात है, बाहर से अगर किसी ने तस्वीर भी लेने की कोशिश की तो उसे गिरफ्तार कर लिया जाता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, करीब 50 साल पहले इस शहर की आबादी करीब 40,000 थी, लेकिन साल 1974 में एक डर के कारण पूरा का पूरा शहर रातोंरात खाली हो गया था।

### नरसंहार के डर से पूरा शहर एक ही रात में हो गया खाली

दरअसल, जुलाई 1974 में तुर्की सेना ने साइप्रस पर ग्रीस राष्ट्रवादियों के तख्तापलट के विरोध में हमला कर दिया था, जिसके बाद नरसंहार के डर से पूरा का पूरा शहर एक ही रात में खाली हो गया और यहां रहने वाले लोगों ने आस-पास के शहरों में जाकर शरण ले ली। तुर्की के हमले की वजह से साइप्रस दो हिस्सों में बंट गया, जिसका नाम ग्रीस साइप्रस और तुर्की साइप्रस है।

## 35 देशों के 1400 से अधिक वैज्ञानिक धरती के डेढ़ किमी अंदर 3 सुरंगों में खोज रहे सुराग

**वॉशिंगटन।** साउथ डकोटा में सैनफोर्ड अंडरग्राउंड रिसर्च फैसिलिटी में धरती से 1,500 मीटर नीचे तीन विशाल सुरंगें बनाई गई हैं, जिन्हें 'विज्ञान का गिरजाघर' कहा जाता है। जिसमें 35 देशों के 1,400 से ज्यादा वैज्ञानिक दूसरे वैज्ञानिकों से आगे जाने के लिए होड़ लगाए हुए हैं। जानें किया है मिशन, क्यों मची है होड़।

ब्रह्मांड कैसे बना? सितारे, ग्रह और हमारा अस्तित्व क्यों है? इन सवालों के जवाब ढूंढने के लिए वैज्ञानिकों की दो टीमें जिसमें एक अमेरिका और दूसरी जापान में की टीमों में इन दिनों जोर-शोर से होड़ मची है। एक रिपोर्ट के मुताबिक,यह एक ऐसी रेस है, जिसमें दोनों टीमें न्यूट्रिनो नामक सूक्ष्म कणों की मदद से ब्रह्मांड की उत्पत्ति का



रहस्य सुलझाने की कोशिश कर रही हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, जापानी वैज्ञानिक इस दौड़ में कुछ साल आगे हैं, लेकिन अमेरिकी टीम भी पीछे नहीं। जानते हैं पूरी कहानी।

### जापान का हाइपर-के प्रोजेक्ट

जापान में वैज्ञानिक 'हाइपर-के' डिटेक्टर बना रहे हैं, जो उनके मौजूदा 'सुपर-के' डिटेक्टर का उन्नत संस्करण है। यह चमकता हुआ सुनहरा ढांचा 'विज्ञान का मंदिर' जैसा है। जापानी टीम तीन साल से भी कम समय में अपने न्यूट्रिनो बीम को शुरू करने के लिए तैयार है, जो ड्यून से कई साल आगे है। लंदन के इंपीरियल कॉलेज के डॉ. मार्क स्कॉट का कहना है कि उनका डिटेक्टर बड़ा होने के कारण जल्दी और ज्यादा सटीक जानकारी दे सकता है।

### कौन मारेगा बाजी?

ड्यून में काम करने वाली क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी की डॉ. लिंडा क्रेमोनेसी का मानना है कि हाइपर-के में अभी वह तकनीक पूरी तरह तैयार नहीं है, जो न्यूट्रिनो और एंटी-न्यूट्रिनो के व्यवहार में अंतर को पकड़ सके। दोनों प्रोजेक्ट्स एक साथ चलने से ज्यादा जानकारी मिलेगी, लेकिन डॉ. स्कॉट कहते हैं, 'मैं पहले नतीजे हासिल करना चाहूंगा!' इस रेस के नतीजे आने में कुछ साल लगेंगे, लेकिन तब तक यह सवाल कि हम क्यों और कैसे हैं, रहस्य बना रहेगा। यह वैज्ञानिक दौड़ ब्रह्मांड के रहस्यों को खोलने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## पैसों के लिए मां-बाप को उतारा मौत के घाट, 4 सालों तक शव को घर में रखा



**लंदन।** क्या आप ये सोच सकते हैं कि कोई व्यक्ति अपने ही माता-पिता को मौत के घाट उतार सकता है? यूं तो ऐसे मामले बहुत हुए हैं, जिसमें संतानों ने माता-पिता को जान से मार डाला है, मगर ब्रिटेन की जिस महिला की बात हम आज आपको बता रहे हैं, उसकी कहानी दिल दहला देगी। इस महिला ने पहले तो पैसों के लिए मां-बाप का कत्ल किया, उसके बाद उनके शव को 4 सालों तक घर में रही रखा। ये कहानी है वर्जीनिया मैककुलॉ की। एक रिपोर्ट के अनुसार लुईस हॉपकिंस ने पहली बार सार्वजनिक रूप से उस गहरी शर्म और अपराधबोध के बारे में बात की है जो उन्होंने तब महसूस किया जब उनकी छोटी बहन वर्जीनिया मैककुलॉ ने उनके माता-पिता की हत्या कर उनके शवों को चार साल तक घर में छिपाकर रखा। 36 साल की वर्जीनिया मैककुलॉ ने अपने माता-पिता, जॉन और लोइस मैककुलॉ की हत्या का अपराध स्वीकार किया है। दोनों की उम्र 70 के आसपास थी।

### दवाइयों के कॉकटेल से पिता को मारा

उन्होंने बताया, मैंने अपनी बहन को माफ कर दिया है, लेकिन मैं उससे मिलने नहीं जाऊंगी। मैंने अपने और अपने बच्चों के लिए शांति और सुकून की जिंदगी बनाई है। कोर्ट में पेश साक्ष्यों में बताया गया कि वर्जीनिया ने अपने पिता को नशे में दी गई दवाइयों के कॉकटेल से मारा। गिनीज, रेड वाइन और ब्रांडी में मिलाकर। मां को सुलाने के लिए दवा दी गई, लेकिन जब अगली सुबह लोइस जागीं और जॉन को मृत पाया, तब वर्जीनिया ने उनकी भी हत्या करने का फैसला किया। उसने बताया, 'मैं ऊपर गई, मेरे पास विल्मो के गार्डन ग्लव्स थे, एक किचन नाइफ और हथौड़ा था। मां रेडियो सुन रही थीं, कुछ नहीं कर रही थीं। मैंने तीन बार खुद को रोकने की कोशिश की, लेकिन चौथी बार हथौड़ा उठाकर मारा।'

### महिला को हो गई 36 साल की जेल

उन्होंने कहा, 'तुम क्या कर रही हो? मुझे एहसास हुआ हथौड़ा काम नहीं करेगा. फिर मैंने चाकू लिया और उनकी हत्या कर दी। फिर उनका हाथ चूमा तब मुझे पहली बार एहसास हुआ कि मैंने दोनों को मार डाला।' हत्या के बाद, वर्जीनिया बाजार गई और प्लास्टिक ग्लव्स, स्लीपिंग बैग्स खरीदे। दो दिन बाद उसने बीएंडक्यू से 40 ईंटे, सीमेंट और रेत मंगवाए। एक महीने बाद सीढ़ी, टेप और अन्य सामान खरीदा. इन चार वर्षों में, वह माता-पिता के नाम से संदेश भेजती रही और झूठ बोलती रही कि वे यात्रा पर हैं।

## कीमती

### व्हेल की उल्टी किसी इंसान को एक झटके में बना सकती है अमीर

# आखिर सोने से भी क्यों महंगी होती है व्हेल मछली की उल्टी?

एजेंसी ▸▸ लंदन

समुद्र में रहने वाली विशालकाय मछली व्हेल की उल्टी किसी इंसान को एक झटके में अमीर बना सकती है। यह बात सुनने थोड़ी अजीबगरीब जरूर लग रही होगी। यहां तक कि दुनिया के कई इलाकों में इसकी तस्करी भी जाती है। भारत में भी एक किलो व्हेल की उल्टी की कीमत करोड़ों में है। हम आपको अपनी खबर में बताएंगे कि व्हेल की उल्टी की कीमत सोने से भी ज्यादा क्यों होती है? व्हेल के शरीर से निकलने वाले अपशिष्ट को कई वैज्ञानिक उल्टी बताते हैं, तो कई इसे मल बताते हैं। कई बार यह पदार्थ रेक्टम के जरिए बाहर आता है, लेकिन कभी-कभी पदार्थ बड़ा होने पर व्हेल इसे मुंह से उगल देती है। वैज्ञानिक भाषा में इसे एम्बरग्रीस कहा जाता है। व्हेल की आंतों से निकलने वाला एम्बरग्रीस काले या स्लेटी रंग का ठोस, मोम जैसा ज्वलनशील पदार्थ है। यह पदार्थ व्हेल के शरीर के अंदर उसकी रक्षा करता है।



### एम्बरग्रीस को समुद्र के किनारे आने पर लग जाते हैं कई साल

आमतौर पर व्हेल समुद्र के तट से काफी दूरी बनाकर रहती हैं। ऐसे में उनके शरीर से निकले एम्बरग्रीस को समुद्र के किनारे आने पर कई साल लग जाते हैं। बता दें कि समुद्र के नमकीन पानी और सूरज की रोशनी के कारण यह अपशिष्ट चट्टान जैसी चिकनी, भूरी गांठ में बदल जाता है, जो मोम जैसा महसूस होता है।

**परफ्यूम बनाने में किया जाता है इस्तेमाल :** एम्बरग्रीस का इस्तेमाल परफ्यूम बनाने में किया जाता है। इस वजह से यह काफी कीमती होता है। एम्बरग्रीस से बने परफ्यूम की खुशबू लंबे समय तक बनी रहती है। कई वैज्ञानिक एम्बरग्रीस को तैरता सोना भी कहते हैं। वहीं, इसकी वजन की बात करें, तो ये 15 ग्राम से 50 किलो तक हो सकता है।

### प्लेग रोकने में मिल सकती है मदद

दुनिया के कई इलाकों में एम्बरग्रीस से बने परफ्यूम का प्रयोग किया जाता है। प्राचीन मिस्र के लोग एम्बरग्रीस से अगरबत्ती और धूप बनाया करते थे। यूरोप में ब्लैक एज के दौरान लोगों का यह मानना था कि एम्बरग्रीस का एक टुकड़ा साथ रखने से उन्हें प्लेग रोकने में मदद मिल सकती है। क्योंकि, एम्बरग्रीस का सुगंध हवा की गंध को ढक लेती थी, जिसे प्लेग का कारण माना जाता था।

## खबर संक्षेप

### नीतीश का बड़ा दांव, अगड़ी जातियों के लिए विकास आयोग

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बड़ी घोषणा की है। उन्होंने अगड़ी जातियों के विकास के लिए राज्य में एक आयोग बनाने की घोषणा की है। इसे उच्च जाति आयोग का नाम दिया गया है। इस आयोग का अध्यक्ष बीजेपी नेता महाचंद्र प्रसाद सिंह को बनाया गया है, जबकि उपाध्यक्ष जनता दल यूनाइटेड के मुख्य प्रवक्ता राजीव रंजन को इस आयोग का उपाध्यक्ष बनाया गया है। इस आयोग का कार्यकाल 3 साल का होगा। बता दें कि इस साल के अंत तक बिहार विधानसभा का चुनाव है।

### दुश्मन को उनकी भाषा में मिला जवाब : योगी

**कानपुर।** यूपी के कानपुर में सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा, 'देश की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पहले सर्जिकल स्ट्राइक, फिर एयरस्ट्राइक और अब ऑपरेशन सिंदूर के जरिए दुश्मनों को उनकी भाषा में ही जवाब दिया गया है। पीएम मोदी के मार्गदर्शन में भारतीय सेनाओं के पराक्रम के कारण आज पूरा विश्व भारत की ताकत और सामर्थ्य का लोहा मान रहा है। सीएम योगी ने कहा कि भारत की नई रक्षा नीति के तहत दुश्मन देश पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम को ध्वस्त किया गया।

**वैष्णवी के परिजनों को धमकाने का आरोपी गिरफ्तार : पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे में दहेज उत्पीड़न के कारण आत्महत्या करने वाली महिला वैष्णवी हगवणे के बेटे की अभिरक्षा लेने पिंचरी-चिंचवाड़ में स्थित उसके घर गए माता-पिता और अन्य लोगों को पिस्तौल दिखाकर धमकाने के आरोपी को नेपाल सीमा से गिरफ्तार किया गया है।

# 'अगर पाक ने इस बार किया हमला तो नहीं हिचकिचाएगी भारतीय नौसेना'

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पड़ोसी मुल्क को दिया कड़ा संदेश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गोवा में आईएनएस विक्रांत से पाकिस्तान को चेतावनी दी कि भारत आतंकवाद के खिलाफ किसी भी हद तक जा सकता है। उन्होंने भारतीय नौसेना की खामोश लेकिन प्रभावशाली भूमिका की प्रशंसा की और 'ऑपरेशन सिंदूर' को आतंकवाद पर निर्णायक प्रहार बताया। सिंह ने पाकिस्तान से हाफिज सईद और मसूद अजहर को सौंपने की मांग की और स्पष्ट किया कि यदि वार्ता होनी है तो केवल आतंकवाद और पीओके पर ही होगी। गोवा के तट पर स्थित भारत के स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक स्पष्ट और कठोर संदेश देते हुए कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ किसी भी हद तक जा सकता है। उन्होंने भारतीय नौसेना की भूमिका की सराहना करते हुए इसे 'मौन लेकिन शक्तिशाली' करार दिया और कहा कि यह सेना चुपचाप रहते हुए भी दुश्मनों के इरादों को नाकाम करने में सक्षम रही है।




### जो चुप रहकर दुश्मन को रोक दे, वह बोलेगा तो क्या होगा?

नौसैनिकों को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा, 'भारतीय नौसेना ने अपनी खामोश कार्यशैली से पाकिस्तान की सेना को सीमित कर दिया है। यह वही नौसेना है जो बिना शोर के भी शत्रु पक्ष को जकड़ने में सक्षम रही है। अब कल्पना कीजिए, अगर यही नौसेना मुखर होकर जवाब दे तो क्या होगा?' यह बयान न केवल भारतीय नौसेना की शक्ति को उजागर करता है, बल्कि आने वाले समय में किसी भी उकसावे की स्थिति में उसकी निर्णायक भूमिका को भी इंगित करता है।

### सईद और अजहर का नाम लेकर दी चुनौती

सिंह ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के हालिया बयान का हवाला देते हुए कहा कि भारत की स्थिति बिलकुल स्पष्ट है, अगर बातचीत करनी है, तो वह आतंकवाद और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) पर ही होगी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अगर वाकई वार्ता के प्रति गंभीर है, तो उसे सबसे पहले हाफिज सईद और मसूद अजहर जैसे वैश्विक आतंकवादियों को भारत को सौंपना चाहिए। यह भारत की न्यायतंत्र पर विश्वास बहाल करने की दिशा में पहला कदम होगा।

### ऑपरेशन सिंदूर है स्पष्ट संदेश

रक्षा मंत्री ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का ज़िक्र करते हुए इसे सिर्फ एक सैन्य मिशन नहीं बल्कि भारत की आतंकवाद विरोधी नीति की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। उन्होंने कहा कि इस अभियान ने न केवल आतंकवादियों बल्कि उनके समर्थन करने वालों को भी स्पष्ट संकेत दे दिया है कि भारत अब सिर्फ जवाब नहीं देगा, बल्कि अपनी शर्तों पर कार्रवाई करेगा।

### 'हमने अपनी शर्तों पर सैन्य कार्रवाई रोकी'

सिंह ने बताया कि भारत की सैन्य कार्रवाइयां किसी दबाव में नहीं, बल्कि अपनी नीतियों और प्राथमिकताओं के अनुसार तय होती हैं। ऑपरेशन सिंदूर को रोकना भी भारत का एक रणनीतिक निर्णय था, जिससे यह सिद्ध होता है कि भारत जब चाहे, जहां चाहे और जैसे चाहे, आतंक के खिलाफ कदम उठा सकता है।

# हनीट्रैप में फंसा नौसेना इंजीनियर, पाक को भेजे भारत के सीक्रेट्स

**एटीएस ने किया जासूसी मामले का खुलासा**

एजेंसी ▶▶| मुंबई




महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने एक जासूसी के मामले का खुलासा किया है। प्राइवेट डिफेंस कंपनी में काम करने वाले 27 वर्षीय जूनियर सर्विस इंजीनियर रवि वर्मा हनी ट्रैप में फंसकर भारतीय नौसेना से जुड़ी संवेदनशील जानकारी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों को लीक कर रहा था। एटीएस के सूत्रों के अनुसार, यह मामला सोशल मीडिया के माध्यम से शुरू हुआ था, जहां रवि वर्मा का संपर्क एक महिला से हो गया था। जांच में सामने आया कि नवंबर 2024 में फेसबुक पर प्रीति जायसवाल नाम की महिला ने रवि वर्मा से संपर्क किया। इसके बाद वह वॉट्सएप पर भी उससे जुड़ी और दोस्ताना संबंध बनाए। इस दौरान महिला ने उसकी नौकरी और वर्क प्लेस के बारे में जानकारी हासिल की और फिर उसे सीक्रेट डिटेल शेयर करने के लिए तैयार कर लिया। नवंबर 2024 से मार्च 2025 तक महिला और 'सर' कहे जाने वाले एक अज्ञात व्यक्ति के निर्देशों के तहत रवि वर्मा ने मुंबई में प्रतिबंधित नौसेना डॉकयार्ड में डॉक किए गए भारतीय नौसेना के जहाजों और नौकाओं के नाम और स्थानों के बारे में गोपनीय विवरण साझा किए हैं।

### वॉट्सएप के माध्यम से सीधा संपर्क

वह वॉट्सएप के माध्यम से दो पाकिस्तानी खुफिया संचालकों के सीधे संपर्क में था। इनपुट की पुष्टि करने और वर्मा से पूछताछ करने के बाद एटीएस ने संवेदनशील रक्षा जानकारी के लीक होने की पुष्टि की। एटीएस को पहले से ही रवि वर्मा की संदिग्ध गतिविधियों की खबर मिल गई थी। यह जानकारी केंद्र सरकार के अत्यधिक संवेदनशील क्षेत्र से जुड़ी थी, जिसका लीक होना देश की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा थी। एटीएस ने रवि वर्मा से कड़ी पूछताछ की, जिसमें सामने आया कि उसने सचमुच संवेदनशील जानकारी लीक की है। रवि वर्मा, महिला और 'सर' नाम के व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

## संदिग्ध लेन-देन पर मांगा स्पष्टीकरण

# बाबा रामदेव की कंपनी को सरकार का नोटिस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने बाबा रामदेव से जुड़ी कंपनी पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड से कुछ संदिग्ध लेनदेन पर स्पष्टीकरण मांगा है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि कॉर्पोरेट अफेयर्स मिनिस्ट्री ने कंपनी को एक नोटिस भेजा है। आर्थिक खुफिया विभाग को कंपनी के कुछ लेन-देन असामान्य और संदिग्ध लगे हैं। अब तक लेन-देन की रकम का खुलासा नहीं किया गया है क्योंकि जांच शुरुआती दौर में है। कंपनी को नोटिस का जवाब देने के लिए लगभग दो महीने का समय दिया गया है। मंत्रालय कंपनी के कामकाज और पैसे के इस्तेमाल की भी जांच करेगा। मंत्रालय ने इस बारे में तुरंत कोई जानकारी नहीं दी है। पतंजलि आयुर्वेद के प्रवक्ता ने भी कोई जवाब नहीं दिया है। यह पहली बार नहीं है जब पतंजलि आयुर्वेद पर सवाल उठे हैं। पिछले साल कंपनी पर टैक्स नहीं भरने और गलत तरीके से रिफंड मांगने के आरोप लगे थे।

### शेयरों में 10 फीसदी की गिरावट

पतंजलि आयुर्वेद एक प्राइवेट कंपनी है। लेकिन इसकी एक यूनिट पतंजलि फूड्स लिमिटेड शेयर बाजार में लिस्टेड है। इस महीने इसके शेयरों में लगभग 10% की गिरावट आई है। शुक्रवार को कारोबार के दौरान यह बीएसई पर करीब 3 फीसदी गिरावट के साथ 1691.10 रुपये पर आ गया था। पिछले साल कंपनी की एक यूनिट को सरकार से कारण बताओ मिला था।

### बेंगलुरु में कन्नड़ कार्यकर्ता के खिलाफ मामला दर्ज

**बेंगलुरु।** कन्नड़ भाषा को लेकर अभिनेता कमल हासन की हालिया विवादास्पद टिप्पणी के विरोध में कथित रूप से उनके पोस्टर जलाने के लिए एक कन्नड़ कार्यकर्ता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने बताया कि यह घटना यहां बसवेश्वरनगर में बी. रोड स्थित पवित्र पैराडाइज सर्किल के पास हुई। पुलिस के अनुसार, 28 मई को रात करीब 11 बजकर 45 मिनट पर पवित्र पैराडाइज सर्किल के पास नम्मा करुणादा युवा सेना के अध्यक्ष रविकुमार पहुंचे और हासन के पोस्टर जलाने लगे।

# पत्नी के साथ एक्टर वारसी स्टॉक मार्केट से किए गए बैन

**शेयरों की हेराफेरी से जुड़ा है मामला**

एजेंसी ▶▶| मुंबई



बॉलीवुड फिल्मों में एक्टिंग का लोहा मनवा चुके अभिनेता अरशद वारसी को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने शेयर मार्केट से प्रतिबंधित कर दिया है। सेबी ने अरशद वारसी के अलावा उनकी पत्नी मारिया गोरेट्टी और 57 अन्य इकाइयों को भी सिक्योरिटी मार्केट से बैन कर दिया है। सेबी की यह कार्रवाई उस शेयर से जुड़ी है, जिसकी कीमत 3 रुपये से भी कम है। यह मामला साधना ब्रॉडकास्ट (अब क्रिस्टल बिजनेस सिस्टम लिमिटेड) के शेयरों की हेराफेरी से जुड़ा है। सेबी की जांच में पता चला है कि साधना ब्रॉडकास्ट के शेयरों के बारे में पॉजिटिव बातें बताकर भाव को जानबूझकर बढ़ाया गया। सेबी की जांच में पाया गया कि साधना ब्रॉडकास्ट के शेयरों की कीमत बढ़ाने के लिए गलत और भ्रामक जानकारी वाले यू ट्यूब वीडियो का इस्तेमाल किया गया। ये वीडियो 'द एडवाइजर' और 'मनीवाइज' जैसे लोकप्रिय यू ट्यूब चैनलों पर अपलोड किए गए थे और इन्हें लाखों लोगों ने देखा।

### निजी स्कूलों के बच्चे 5 गुना ज्यादा मोटापे का शिकार




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- एम्स ने की सरकारी स्कूलों के बच्चों से तुलना

दिल्ली के निजी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे मोटापे का शिकार हो रहे हैं। उनका मोटापा सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों से 5 गुना अधिक है। यह खुलासा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के एक अध्ययन में हुआ है। अध्ययन में बताया गया कि दोनों तरह स्कूलों में लड़कियों की तुलना में लड़कों में मोटापा ज्यादा है। इस अध्ययन ने छोटे बच्चों और किशोरों में मोटापे से होने वाली बीमारियों को लेकर चिंता पैदा कर दी है। एक अंग्रेजी अखबार ने अध्ययन के हवाले से बताया कि दिल्ली के स्कूलों में पढ़ने वाले 6-19 वर्ष के 3,888 बच्चों को अध्ययन में शामिल किया गया, जिसमें 1,985 सरकारी और 1,903 बच्चे निजी स्कूलों के थे। इसमें औसतन 13.4 प्रतिशत छात्र सामान्य रूप से मोटे पाए गए, जबकि 9.2 प्रतिशत छात्रों में पेट की चर्बी अधिक पाई गई। ये आंकड़े निजी स्कूलों के थे। वहीं, सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का मोटापा निजी स्कूल के मुकाबले कम है।









## चिंतन

# जीडीपी की सुस्ती चिंताजनक विनिर्माण क्षेत्र में करें सुधार

राजकोषीय घाटा का लक्ष्य हसिल करना उल्लेखनीय प्रगति है, पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) दर में जारी सुस्ती चिंताजनक है। पिछले कुछ समय से भारतीय अर्थव्यवस्था स्टैगनेशन सिंड्रोम की तरफ बढ़ रही है। शेयर बाजार के मजबूत प्रदर्शन करने के बावजूद भारत नए निवेश अपेक्षित मात्रा में आकर्षित नहीं कर पा रहा है। सार्वजनिक निवेश में कमी दर्ज की जा रही है, जीडीपी पर इसका असर दिख रहा है। देश में बेरोजगारी दर भी तीन से चार प्रतिशत के बीच है, जो विकसित देशों के आंकड़े के दायरे में ही है, इससे साफ है कि कामकाज के माहौल हैं, इसके बावजूद जीडीपी की नरमी चुनौती पेश कर रही है। सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जीडीपी के 4.8 प्रतिशत के अपने राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को हासिल कर लिया है। वित्त वर्ष 2023-24 में केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा जीडीपी का 5.63 प्रतिशत था। राजकोषीय घाटे को काबू में रखना सरकार के लिए हमेशा बड़ी चुनौती होती है। विनिर्माण क्षेत्र के कमजोर प्रदर्शन से देश की आर्थिक वृद्धि वित्त वर्ष 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में धीमी होकर 7.4 प्रतिशत रही। अब पूरे वित्त वर्ष के दौरान जीडीपी वृद्धि दर घटकर चार साल के निचले स्तर 6.5 प्रतिशत पर आ गई। इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 8.4 प्रतिशत रही थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के मुताबिक, मार्च तिमाही में वृद्धि दर के सुस्त पड़ने से समूचे वित्त वर्ष (2024-25) में जीडीपी वृद्धि दर घटकर 6.5 प्रतिशत पर आ गई। वित्त वर्ष 2023-24 में देश की जीडीपी 9.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। एशिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन की जनवरी-मार्च 2025 तिमाही में वृद्धि दर 5.4 प्रतिशत रही है। जीडीपी के मामले में भारत बेशक चीन से आगे हो, लेकिन इसकी लगातार सुस्ती से भारत अपने विकसित भारत के लक्ष्य को लक्षित समय तक नहीं हासिल कर सकेगा। अभी महंगाई दर भी नियंत्रण में है और रिजर्व बैंक ने लगातार दो बाद रेपो दरों में कटौती की, ऐसे में सरकार के पास आर्थिक सुधार के अगले चरण में जाने का मौका है। उद्योग जगत से इस आशय की मांग लगातार की जा रही है। फिक्की, एसोचैम जैसे उद्योग संगठनों ने भी नए आर्थिक सुधार की वकालत की है। भारतीय अर्थव्यवस्था में जल्द ही पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की क्षमता है, अभी आंकड़ों में भारत ने जर्मनी को पछाड़ा है और विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का तमगा हासिल किया है, लेकिन विनिर्माण के क्षेत्र में देश उल्लेखनीय प्रगति नहीं कर पा रहा है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, देश की अर्थव्यवस्था इसके पहले अक्टूबर-दिसंबर 2024 तिमाही में 6.4 प्रतिशत, जुलाई-सितंबर तिमाही में 5.6 प्रतिशत और अप्रैल-जून तिमाही में 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। वार्षिक आधार पर वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान विनिर्माण क्षेत्र में वृद्धि दर घटकर 4.5 प्रतिशत रही, जबकि 2023-24 में 12.3 प्रतिशत थी। हालांकि, कृषि क्षेत्र में 2024-25 के दौरान उत्पादन बढ़कर 4.6 प्रतिशत हो गया, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में यह 2.7 प्रतिशत था। चौथी तिमाही के दौरान विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन घटकर 4.8 प्रतिशत रह गया जबकि पिछले साल की समान तिमाही में यह 11.3 प्रतिशत था। भारत को विनिर्माण क्षेत्र की दिक्कतों को दूर करने की जरूरत है। वैश्विक मैनुफैक्चरिंग का हब बनने के लिए बहुत जरूरी है कि भारत विनिर्माण क्षेत्र में लगातार बेहतर प्रदर्शन करे।



अहिल्याबाई होल्कर

डॉ. योगिता यशवीर राघव

# भारत की युगप्रवर्तक महारानी

रानी अहिल्याबाई होल्कर ने अपने अदम्य साहस, दूरदर्शिता और परोपकारी सोच से समाज और राष्ट्र को नई दिशा दी। आज हम उनकी 300वीं जयंती मना रहे हैं। अहिल्याबाई का शासनकाल न्याय, पारदर्शिता और प्रजा-हित के लिए इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज है। आज जब हम नारी सशक्तिकरण की बात करते हैं, तो अहिल्याबाई का नाम सबसे पहले आना चाहिए। उन्होंने महिलाओं को शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान देने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए। आज जब हम बेहतर शासन, महिला सशक्तिकरण और सांस्कृतिक संरक्षण की बात करते हैं, तब अहिल्याबाई का जीवन हमें एक जीवंत उदाहरण प्रस्तुत करता है। वह कहती हैं कि सच्चे नेतृत्व में सत्ता नहीं, सेवा होती है।

भारतीय इतिहास की कालजयी गाथाओं में जो एक नाम नारी नेतृत्व, न्यायप्रिय शासन और लोककल्याण की अद्वितीय मिसाल बनकर चमकता है, वो है रानी अहिल्याबाई होल्कर जिन्होंने अपने अदम्य साहस, दूरदर्शिता और परोपकारी सोच से समाज और राष्ट्र को नई दिशा दी। वे केवल एक शासिका नहीं, बल्कि एक युगप्रवर्तक थीं, जिनकी दृष्टि, सेवा भावना और निर्णय क्षमता आज भी हमें प्रेरणा देती हैं। आज हम उनकी 300वीं जयंती मना रहे हैं, जिन्होंने न केवल मालवा राज्य को समृद्ध और सुदृढ़ बनाया, बल्कि समूचे भारत में धर्म, संस्कृति और जनकल्याण की अमिट छाप छोड़ी। महान युगप्रवर्तक रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती उनके अदम्य साहस, जीवन, मूल्यों, अद्वितीय नेतृत्व, न्यायप्रिय शासन, जनकल्याणकारी कार्यों और समाज कल्याण के प्रति उनके योगदान को आत्मसात व श्रद्धांजलि देने का एक ऐतिहासिक अवसर है।

### एक साधारण जन्म, असाधारण यात्रा

एक साधारण बालिका से महान शासिका तक का सफर 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के चौंडी गांव में जन्मी अहिल्याबाई का जीवन संघर्षों से प्रारंभ हुआ, लेकिन उनका धैर्य, विवेक और करुणा उन्हें अपराजेय बना गए। विवाह के बाद जब पति मालवा के शासक खंडेराव होल्कर और ससुर मल्हारराव होल्कर दोनों का निधन हो गया, तब उन्होंने 1767 में मालवा राज्य की बागडोर अपने हाथों में ली। पति और ससुर के निधन के बाद, जब राज्य संकट में था, अहिल्याबाई ने न केवल मालवा राज्य की बागडोर संभाली, बल्कि अपने पराक्रम व कुशलता से उसे एक उन्नत, सुरक्षित और खुशहाल राज्य में परिवर्तित कर दिया। कठिन परिस्थितियों में नेतृत्व संभालते हुए उन्होंने शासन को सुशासन में बदल दिया। 'अहिल्याबाई होल्कर का जीवन केवल इतिहास के पन्नों में दर्ज कहानी नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए एक अमूल्य प्रेरणा है।'

### सुशासन का स्वर्णिम युग

अहिल्याबाई का शासनकाल न्याय, पारदर्शिता और प्रजा-हित के लिए इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज है। वे प्रजा को परिवार की तरह मानती थीं। उनके शासन में: कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया, कृषि, व्यापार और शिक्षा को प्रोत्साहन मिला, और सभी वर्गों के कल्याण को प्राथमिकता दी गई। उनका विश्वास था: 'राजा को अपनी प्रजा के सुख-दुख को समझकर निर्णय लेना चाहिए।' यही कारण था कि प्रजा उन्हें 'माँ अहिल्या' कहकर पुकारती थी। उनके निर्णयों में न केवल राजनैतिक बुद्धिमत्ता दिखती थी, बल्कि मानवीय संवेदना भी स्पष्ट रूप से झलकती थी।

धार्मिक एवं सांस्कृतिक पुनर्जागरण कला, संस्कृति और धर्म के पुनरुद्धार की वाहिका अहिल्याबाई का भारत के निर्माण में अनेक योगदान हैं। वाराणसी का काशी विश्वनाथ मंदिर, गुजरात का सोमनाथ मंदिर, नासिक का त्र्यंबकेश्वर मंदिर, सभी का जीर्णोद्धार अहिल्याबाई ने ही करवाया। देशभर में धर्मशालाएं, कुएं, घाट, और विश्राम



स्थल बनवाए जो आज भी तीर्थयात्रियों और समाज के लिए उपयोगी हैं।

### महिला सशक्तिकरण की अग्रदूत

आज जब हम नारी सशक्तिकरण की बात करते हैं, तो अहिल्याबाई का नाम सबसे पहले आना चाहिए। उन्होंने महिलाओं को शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान देने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए। अहिल्याबाई ने समाज में महिलाओं के अधिकारों और शिक्षा के महत्व को समझा और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्य किया। एक विधवा होकर भी उन्होंने राजकाज को न केवल संभाला, बल्कि उसे उन्नति के पथ पर अग्रसर किया। वे उन विरली शासकों में थीं जिन्होंने स्त्रियों के हित में ठोस नीति बनाई और उसे लागू भी किया।

लोककल्याण और सुशासन का आदर्श : आज के भारत के लिए प्रेरणा अहिल्याबाई का शासन आज के 'सुशासन' (Good Governance) का एक आदर्श मॉडल है। उनकी नीतियाँ और प्रशासनिक दृष्टिकोण आज भी भारत के लिए प्रेरणादायक हैं: उन्होंने जनसुनवाई, न्यायपालिका और सार्वजनिक निर्माण को प्राथमिकता दी। उनका शासन काल सामाजिक समरसता, धार्मिक सहिष्णुता और प्रशासनिक कुशलता का उत्कृष्ट उदाहरण रहा।

### आज की पीढ़ी के लिए संदेश

अहिल्याबाई होल्कर का जीवन केवल इतिहास का एक अध्याय नहीं, बल्कि एक प्रकाशस्तंभ है, जो हमें न्याय, करुणा और नेतृत्व के गुण सिखाता है। अहिल्याबाई का जीवन हमें सिखाता है कि न्याय, करुणा, और नेतृत्व के बल पर न केवल एक राज्य, बल्कि पूरे समाज को बदलने की क्षमता होती है। उनकी दूरदर्शिता और कार्य हमें यह संदेश देते हैं कि एक व्यक्ति का संकल्प और कर्तव्यनिष्ठा पूरे समाज और राष्ट्र को बदल सकती है। उनकी 300वीं जयंती पर हम सभी को उनके मूल्यों को आत्मसात कर, समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प लेना चाहिए। अहिल्याबाई का जीवन केवल इतिहास की एक कहानी नहीं, बल्कि आज के समय की आवश्यकता है। जब नेतृत्व में नैतिकता और जनहित की भावना खोती जा रही है, तब अहिल्याबाई की कार्यशैली हमें याद दिलाती है कि सच्चे नेता वे होते हैं जो सेवा को धर्म मानते हैं। उनकी 300वीं जयंती पर हमारा कर्तव्य है कि हम उनके जीवन-मूल्यों को अपनाएं—सत्य, सेवा, न्याय और करुणा। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी

### भविष्य के लिए प्रेरणा

आज जब हम बेहतर शासन, महिला सशक्तिकरण और सांस्कृतिक संरक्षण की बात करते हैं, तब रानी अहिल्याबाई होल्कर का जीवन हमें एक जीवंत उदाहरण प्रस्तुत करता है। वह कहती हैं कि सच्चे नेतृत्व में सत्ता नहीं, सेवा होती है। उनकी 300वीं जयंती पर हमें उनके आदर्शों को अपनाकर समाज और राष्ट्र के पुनर्निर्माण में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। अहिल्याबाई होल्कर की विरासत आज भी जीवंत है, और उनकी शिक्षाएँ भारत को एक न्यायपूर्ण और सशक्त राष्ट्र बनाने की प्रेरणा देती रहेंगी। 'न्याय, करुणा और सुशासन की प्रतीक रानी अहिल्याबाई भारत के लिए केवल एक शासिका नहीं, बल्कि एक आदर्श हैं, जिनकी नीतियां आज भी प्रकाशपुंज बनकर मार्गदर्शन करती हैं।'

(लेखिका अखिल भारतीय विधार्थी परिषद, गुरुग्राम की महानगर अध्यक्ष व के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय, सोहना में सहायक प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## जयंती विशेष

शिवप्रकाश



# लोक कल्याण की प्रणेता अहिल्याबाई होल्कर

किसी भी देश का विकास शासन तंत्र की लोककल्याणकारी नीतियों और उसकी सुशासन व्यवस्था पर निर्भर करता है। भारत का इतिहास ऐसे शासकों की गाथाओं से भरा पड़ा है जिन्होंने अपने देश और अपनी प्रजा के विकास व उत्थान के लिए बहुत कुछ किया। होल्कर राज-परिवार में ऐसा ही एक नाम रहा है पुण्यश्लोक महारानी अहिल्याबाई होल्कर का। उनकी कल्याणकारी नीतियां आज भी सरकारों को प्रेरित करती हैं। यह वर्ष उनके जन्म का त्रिशताब्दी वर्ष है। उनके सुशासन, लोक कल्याणकारी नीतियों एवं सांस्कृतिक उत्थान के कार्यो को जन-जन तक पहुंचाने के लिए उनका 300 वाँ जयंती वर्ष संपूर्ण देश मना रहा है।

अहिल्याबाई होल्कर का जन्म 31 मई 1725 को अहमदनगर (अहिल्या नगर) जनपद के चौंडी गांव में हुआ था। भारतीय जनता पार्टी ने अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व में 21 मई से 31 मई तक 10 दिवसीय अभियान लोकमाता अहिल्याबाई की स्मृति को समर्पित किया है। महारानी अहिल्याबाई होलकर के बहुआयामी व्यक्तित्व एवं उनके प्रेरणा प्रद जीवन से प्रेरित माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ग़रीब कल्याण की योजनाओं एवं "विकास से विरासत" के उनके संकल्प को जन-जन तक पहुँचाने का काम भाजपा के कार्यकर्ता कर रहे हैं। बौद्धिक संवाद, प्रदर्शनी, छात्र-छात्राओं के बीच प्रतियोगिताएँ, मंदिरों व घाटों की स्वच्छता, आरती एवं शोभायात्राओं के माध्यम से यह कार्य संपन्न हो रहा है। राज्यों की सरकारें एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा भी अनेक योजनाओं एवं संस्थाओं का नाम महारानी अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर किया गया है। पश्चिमी विद्वानों ने भारत के संबंध में दुष्प्रचार करते हुए कहा कि "हिन्दू शासन व्यवस्था अराजक थी।" जेम्स मिल ने लिखा था कि "भारत नैतिक रूप से खोखला और स्वार्थी समाज था जो शासन योग्य नहीं था", जबकि पश्चिमी देशों में धर्म के नाम पर भीषण अत्याचार हो रहे थे। तब भारत में महारानी अहिल्याबाई होल्कर ने लोक कल्याणकारी धर्मराज्य की स्थापना की थी ।

भारत में धर्म एक व्यापक कल्पना है, जो आर्थिक एवं नैतिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करता है। इसी को ऋषि कणाद द्वारा वैशेषिक सूत्र में कहा गया है कि : "यतो अभ्युदय निःश्रेयस सिद्धिः स धर्मः"अर्थात जो समाज में अभ्युदय ( भौतिक उन्नति), निश्रेय ( आध्यात्मिक उन्नति) सिखाता है वही धर्म है। भारत में धर्म के आधार पर चलने वाले शासन को ही आदर्श शासन माना गया है, जिसमें सभी सुखी एवं निरोगी हो। ऐसा योग्य शासन प्रभु श्री राम ने दिया, रामराज्य के इसी आदर्श का पालन करने का प्रयास सम्राट विक्रमादित्य, राजा भोज, सम्राट हर्षवर्धन जैसे अनेक राजाओं ने किया। विदेशी आक्रमणों के समय इन्हीं मूल्यों की रक्षा करने के लिए महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी महाराज सरीखे शासनकर्ताओं ने अपने प्राण को न्योछावर कर दिया। 300 वर्ष पूर्व महारानी अहिल्याबाई भी इन्हीं शाश्वत मूल्यों का पालन करने वाली महारानी थी। अहिल्याबाई ने अपने ससुर की मृत्यु के पश्चात 1767 में मालवा राज्य का शासन संभाला। नर्मदा के प्रति भक्ति, व्यावसायिक एवं सामरिकता से उन्होंने अपनी राजधानी नर्मदा के तट पर महेश्वर को बनाया। 28 वर्ष उन्होंने अपनी मृत्यु पर्यन्त यह शासन सत्ता संभाली। किसानों के विकास की योजनाएं, भूमिहीन किसानों को भूमि प्रदान करना, जनजातीय विकास, अपने शासन को अपराध मुक्त करना, रोजगारपरक अर्थनीति, महिला सशक्तिकरण उसके लिए महेश्वरी साड़ी का निर्माण एवं सैनिक कल्याण उनके शासन की विशेषताएँ थीं। 500 महिलाओं की सैनिक टुकड़ी का निर्माण कर एक महिला फौज भी उन्होंने तैयार की थी। महेश्वर साड़ी आज भी उनकी महिला केंद्रित उद्योग नीति को दर्शाती है। प्रजा के प्रति वात्सल्य भाव के कारण उन्हें जनता ने लोकमाता की उपाधि प्रदान की थी। अपने राज्य की आर्थिक उन्नति के साथ-साथ भारत के सांस्कृतिक उत्थान में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। सभी धाम, सभी ज्योतिर्लिंग, समस्त शक्ति पीठ सहित असंख्य मंदिरों का निर्माण, नदियों के घाटों का निर्माण, यात्रियों के रुकने के लिए धर्मशालाओं की व्यवस्था यह उनके द्वारा होने वाले अतुलनीय कार्यों की श्रृंखला है। हिमालय में स्थित बद्रीनाथ, केदारनाथ, काशी स्थित भगवान श्री विश्वनाथ, सोमनाथ,द्वारिका, पुरी जगन्नाथ, रामेश्वरम, सभी के पुनर्निर्माण में उनकी भूमिका है। देशभर में उनके द्वारा कराए गए इन कार्यों की संख्या लगभग 12500 से अधिक है । इसका भी वैशिष्ट्य है कि यह कार्य उनको प्राप्त स्वयं की सम्पत्ति से कराया, राजकोष से नहीं।

(लेखक भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## स्वयं को भगवान के चरणों में अर्पित करना ही ज्ञान है



संकलित

दर्शन

सर्व सामर्थ्य होते हुए भी अहंशून्य होकर स्वयं को भगवान के चरणों अर्पित कर देना ही ज्ञान, भक्ति और कर्म की परिपूर्णता है। भगवान के परम भक्त बालिपुत्र अंगद ने रावण की सभा में अपना एक पैर रोपकर अपने मुष्टिप्रहार से रावण के दसों मुकुटों को सिर से गिरा दिया था, वहीं चार मुकुटों को बीच में उछालकर भगवान के पास भेज दिया था। लंका से लौटकर आए अंगद से जब भगवान श्रीराम ने पूछा कि तुमने ये मुकुट कहां और कैसे प्राप्त किए, तब अंगद ने धर्म और ईश्वर से विमुख व्यक्ति की तात्विक व्याख्या की है। अंगद विनम्र भाव से कहते हैं, प्रभु! ये चार मुकुट नहीं, राजनीति के चार पद हैं, जिन पर चलकर व्यक्ति व्यवहार करते हुए भी परमार्थ को प्राप्त कर लेता है। रावण आपसे और धर्म से विमुख हो चुका है, इसलिए राजनीति के चारों चरणों (साम, दाम, दंड और भेद) का दुरुपयोग कर रहा था, इस कारण मुकुट के रूप में ये चारों उसको छोड़कर आपकी शरण में आ गए हैं। रावण ने शेष छह मुकुट जो सिर पर धारण कर रखे हैं, वे साधक के जीवन में रहने वाली षड्संपत्ति (शम, दम, उपरति, तितीक्षा, श्रद्धा और समाधान) हैं। चूंकि रावण उनका भी दुरुपयोग कर रहा था, इसलिए ये षड्संपत्ति न रहकर विकार बनकर रावण के सिर पर शासन कर रहे हैं, जो उसके विनाश के कारण बनेंगे। मेरे प्रभु! गुण तो केवल वे ही हैं, जिन्हें आपने स्वीकारा है। शेष सब अवगुण ही हैं।

## सेवा का समर्पण भाव



संकलित

प्रेरणा

एक बार एक राजा भोजन कर रहा था, अचानक खाना परोस रहे सेवक के हाथ से थोड़ी सी सब्जी राजा के कपड़ों पर छलक गई। राजा की त्यौरियां चढ़ गयीं। जब सेवक ने यह देखा तो वह थोड़ा घबराया, लेकिन कुछ सोचकर उसने प्याले की बची सारी सब्जी भी राजा के कपड़ों पर उड़ेल दी। अब तो राजा के क्रोध की सीमा न रही। उसने सेवक से पूछा, तुमने ऐसा करने का दुस्साहस कैसे किया? सेवक ने अत्यंत शांत भाव से उत्तर दिया, महाराज! पहले आपका गुस्सा देखकर मैनें समझ लिया था कि अब जान नहीं बचेगी। लेकिन फिर सोचा कि लोग कहेंगे की राजा ने छोटी सी गलती पर एक बेगुनाह को मौत की सजा दी। ऐसे में आपकी बदनामी होती। तब मैनें सोचा कि सारी सब्जी ही उड़ेल दूं। ताकि दुनिया आपको बदनाम न करे। और मुझे ही अपराधी समझे। राजा को उसके जबाव में एक गंभीर संदेश के दर्शन हुए और पता चला कि सेवक भाव कितना कठिन है। जो समर्पित भाव से सेवा करता है उससे कभी गलती भी हो सकती है फिर चाहे वह सेवक हो, मित्र हो, या परिवार का कोई सदस्य, ऐसे समर्पित लोगों की गलतियों पर नाराज न होकर उनके प्रेम व समर्पण का सम्मान करना चाहिए। क्योंकि ये ही लोग हमारे सच्चे हितैषी और सेवक होते हैं।

## अंतर्मन





### आज की पाती

#### पांचवें गुरु अर्जुन देव को नमन

गुरु परंपरा की महिमा अपार है और भारतीय सनातन संस्कृति में गुरु का स्थान अत्यंत पूज्य माना गया है। इसी गौरवशाली परंपरा में सिख धर्म के पंचम गुरु श्री गुरु अर्जुन देव जी का स्थान विशिष्ट है, जिन्होंने अपने जीवन और विचारों के माध्यम से संपूर्ण मानव जाति को सत्य, सेवा और समर्पण का मार्ग दिखाया। गुरु अर्जुन देव न केवल धार्मिक संत थे, बल्कि एक महान समाज सुधारक, कुशल संगठक और ज्ञान के अद्वितीय स्रोत भी थे। उन्होंने अपने विचारों और कार्यों से समाज में व्याप्त अनेक कुरीतियों को दूर करने का प्रयास किया और जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में मानवता की सर्वोच्चता को महत्व दिया। गुरु अर्जुन देव का जीवन शांति, सेवा और ज्ञान के आदर्शों से ओतप्रोत था। - **प्रतीक सिंह**, राजनांदगांव

## करंट अफेयर

# भारत शांति रक्षा का बेहद महत्वपूर्ण समर्थक : संरा

संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष शांति रक्षक अधिकारी ने कहा है कि भारत शांति रक्षा का एक महत्वपूर्ण समर्थक है, जिसमें शांति रक्षकों के खिलाफ अपराधों के लिए जवाबदेही सुनिश्चित करने के प्रयासों में उसकी अग्रणी भूमिका भी शामिल है। संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों के अवर महासचिव ज्यां-पियरे लैक्रोइक्स की यह टिप्पणी बृहस्पतिवार को संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षक अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर एक मीडिया सत्र के दौरान आई। वह 24-25 फरवरी को भारत द्वारा आयोजित महिला शांति सैनिकों के पहले सम्मेलन में भाग लेने के लिए नयी दिल्ली आए थे। लैक्रोइक्स ने सम्मेलन और उसके बारे में उनके आकलन के बारे में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में कहा, "हां, मैं वास्तव में नयी दिल्ली और उस सम्मेलन में जाना चाहता था।" लैक्रोइक्स ने कहा, "सबसे पहले, क्योंकि भारत सेना और पुलिस का बहुत महत्वपूर्ण योगदान देने वाला देश है। यह शांति रक्षा का भी एक बहुत महत्वपूर्ण समर्थक है, भारत के पुरुषों और महिलाओं के महत्वपूर्ण योगदान के अलावा, विभिन्न प्रयासों का समर्थन करने के मामले में भी। मैं विशेष रूप से इस बारे में सोच रहा हूं, लेकिन शांति सैनिकों के खिलाफ अपराध की जवाबदेही पर भारत की ओर से दिए गए नेतृत्व के कई अन्य उदाहरण भी हैं।"



## ऑफ बीट

# जेनेटिक कोड में एक ही चीज के लिए है बहुत सारे शब्द

आनुवंशिक कोड की सार्वभौमिकता सभी जीवित जीवों के बीच एक सामान्य वंशावली को इंगित करती है और यह कोड जैविक कोशिकाओं की संरचना, कार्य और विनियमन में आवश्यक भूमिका निभाता है। यह समझना कि जेनेटिक कोड कैसे काम करता है, जेनेटिक इंजीनियरिंग और सिंथेटिक जीव विज्ञान की नींव है। लेकिन अभी भी कई अनसुलझे रहस्य हैं, जैसे प्रोटीन फोल्डिंग जैसी विभिन्न जैविक प्रक्रियाओं के लिए कोड क्यों महत्वपूर्ण है। आनुवंशिक कोडबुक चार अक्षरों से बने 'शब्दों' से बनी है : ए, सी, जी और यू। इनमें से प्रत्येक अक्षर एक अलग रासायनिक बिल्डिंग ब्लॉक के लिए है जिसे न्यूक्लियोटाइड कहा जाता है : एडेनिन, साइटोसिन, गुआनिन और यूरैसिल।राइबोसोम नामक एक आणविक मशीन जीन को प्रोटीन में अनुवाद करने के लिए कोडबुक को पढ़ती है। राइबोसोम तीन अक्षर वाले शब्दों को पढ़ते हैं जिन्हें कोडोन कहा जाता है, और चार अक्षरों के 64 अलग-अलग संभावित संयोजन होते हैं जो अलग-अलग कोडोन बनाते हैं। 64 शब्दों की इस सूची में, 61 अमीनो एसिड को एनकोड करते हैं, और तीन कोशिका में प्रोटीन संश्लेषण को रोकने के लिए राइबोसोम को संकेत देते हैं।



# जयंती : इतिहास की विलक्षण दीपशिखा थी अहिल्याबाई

राजनीति को सेवा, धर्म को लोक कल्याण और न्याय को करूणा का स्वरूप देने वाली तथा नारी होकर भी दक्ष प्रशासन देने वाली महारानी अहिल्याबाई होल्कर एक ऐतिहासिक महिला थी। समाज में धर्म, संस्कृति, शिक्षा, सेवा और मानवीयता के लिए उनका योगदान अतुलनीय हैं। अहिल्याबाई होल्कर एक आध्यात्मिक और नैतिक क्रांति की अद्भूत मिसाल है। यू तो भारत का इतिहास नारी शक्ति के शौर्य, वीरता एवं त्याग से भरा पड़ा है, महारानी लक्ष्मीबाई से लेकर रानी दुर्गावती तक की वीर गाथायें प्रेरणादायी हैं। भारत की नारी को जब जब प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला तब तब उसने उम्मीद से दुगुना परिणाम दिया है। वास्तव में पुरूष प्रधान इस देश में नारी सदैव सबल, प्रबल एवं कुशल रहीं हैं।



अशोक बजाज

(पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत रायपुर)

सभी खाद्य व्यवसाय संचालकों (एफबीओ) को खाद्य लेबल, पैकेजिंग और प्रचार सामग्री पर '100 प्रतिशत' शब्द के इस्तेमाल से परहेज करने को कहा है। इसकी वजह यह है कि यह शब्दावली अस्पष्ट है और इससे मौजूदा नियामकीय प्रावधानों के भीतर गलत व्याख्या की आशंका बनी रहती है। एफएसएसएआई ने बृहस्पतिवार को जारी सलाह में खाद्य उत्पादों के लेबल और प्रचार मंचों पर '100 प्रतिशत' शब्द के इस्तेमाल में धड़ल्ले से हो रही बढ़ोतरी को उजागर किया। प्राधिकरण ने इस बात पर जोर दिया कि ऐसी शब्दावली न केवल मौजूदा नियमों के तहत अपरिभाषित है, बल्कि भ्रामक भी है और उपभोक्ताओं के बीच गलत धारणा पैदा कर सकती है। खाद्य सुरक्षा एवं मानक (विज्ञापन एवं दावे) विनियम, 2018 के मुताबिक, '100 प्रतिशत' शब्द को एफएसएस अधिनियम, 2006 या उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों एवं विनियमों के तहत किसी भी तरीके से परिभाषित या संदर्भित नहीं किया गया है। इन विनियमों के उप-विनियमन 10(7) में किसी भी ऐसे विज्ञापन या दावे को सख्ती से प्रतिबंधित किया गया है जो अन्य विनिर्माताओं को कमतर आंकता है या भ्रामक तरीके से उपभोक्ता की धारणा को प्रभावित करता है।

fssai
Food Safety and Standards Authority of India

- उपभोक्ताओं के गुमराह होने की आशंका होती है
- खाद्य लेबल, पैकेजिंग व प्रचार सामग्री इस्तेमाल से परहेज करे

# भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 6.992 अरब डॉलर बढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 23 मई को समाप्त सप्ताह में 6.99 अरब डॉलर बढ़कर 692.72 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इसके पहले 16 मई को समाप्त हुए सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 4.89 अरब डॉलर घटकर 685.73 अरब डॉलर हो गया था। सितंबर, 2024 के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 704.88 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 23 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 45.16 लाख डॉलर बढ़कर 586.17 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है।



- विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर हुआ 692.72 अरब डॉलर

**आईएमएफ में भी भारत का भंडार बढ़ा**

*केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार भी तीन करोड़ डॉलर बढ़कर 4.40 अरब डॉलर हो गया।*

# पिछले एक दशक में 17 करोड़ रोजगार के अवसर हुए पैदा

- केंद्रीय श्रम मंत्री मांडविया ने सीआईआई के सम्मेलन में कहा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को कहा कि भारत ने पिछले एक दशक में 17 करोड़ रोजगार के अवसर पैदा किए हैं जबकि इससे पहले के दशक में सिर्फ 4.5 करोड़ रोजगार अवसर ही सृजित हुए थे। केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा वर्ष 2014 में सत्ता में आई थी और उसके पहले 2004 से 2014 तक कांग्रेस की अगुवाई वाले गठबंधन की सरकार थी। मांडविया में उद्योग मंडल सीआईआई के 'वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन 2025' को संबोधित करते हुए कहा कि देश में बेरोजगारी दर 3.2 प्रतिशत है, जो विकसित दुनिया के आसपास है।

डॉ. वाशानी दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुनः लगा दें।

**बिजनेस साइट**

# तंबाकू से दूर रहें, स्वस्थ जीवन अपनाएं बालको मेडिकल सेंटर की अपील



**रायपुर।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर बालको मेडिकल सेंटर ने एक सशक्त संदेश दिया है- तंबाकू सिर्फ आपकी नहीं, आपके पूरे परिवार की सेहत के लिए खतरा है। चिकित्सा विशेषज्ञों ने इस दिन को जागरूकता का माध्यम बनाते हुए लोगों से तंबाकू, गुटखा, खैनी और अन्य नशीले पदार्थों से दूरी बनाने की अपील की है। बालको मेडिकल सेंटर की मेडिकल डायरेक्टर और वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. भावना सिरोही ने कहा कि तंबाकू सिर्फ एक आदत नहीं, यह एक धीमा जहर है। खासकर छत्तीसगढ़ में तंबाकू सेवन की वजह से मुंह के कैंसर के मामले बहुत ज्यादा हैं। इससे व्यक्ति ठीक से खाना नहीं खा सकता, सांस नहीं ले सकता, न पी सकता है और न ही बोल सकता है। तंबाकू आपकी पूरी जीवनशैली को नष्ट कर देता है। डॉ. सिरोही ने अपील करते हुए कहा कि अगर आप अपने परिवार से प्यार करते हैं, तो तंबाकू से आज ही नाता तोड़ लें।

# अमेरिकन ऑन्कोलॉजी इंस्टीट्यूट की अपील: 'आदत बदलिए, सेहत बचाइए'

**रायपुर।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर अमेरिकन ऑन्कोलॉजी इंस्टीट्यूट ने एक व्यवहारिक और उम्मीद भरा संदेश दिया है – 'आदत बदलिए, सेहत बचाइए'। इस साल विशेषज्ञों ने 'हेल्थ स्वैप मॉडल' नामक एक नए दृष्टिकोण की सिफारिश की है, जो लोगों को तंबाकू की लत से धीरे-धीरे छुटकारा दिलाने में मदद करता है। यह मॉडल तंबाकू छोड़ने के पारंपरिक तरीकों से हटकर है और छोटे-छोटे सकारात्मक बदलावों को बढ़ावा देता है। अमेरिकन ऑन्कोलॉजी इंस्टीट्यूट के कैंसर विशेषज्ञ डॉ. सौरभ जैन का कहना है, तंबाकू छोड़ना एक दिन का फैसला नहीं, बल्कि रोज के छोटे-छोटे स्वस्थ फैसलों की यात्रा है।




हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

निवेद चेस्ट & आई केयर
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनोपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, इमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

श्रीराम किंकर मेडीकल इंस्टीट्यूट
डॉ. नवनीत जैन एम.एस.- एडवांस लेप्रोस्कोपी एवं जनरल सर्जन (गोल्ड मेडलिस्ट)
डॉ. करूणा जैन एम.डी.- प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
लिली चौक, रायपुर - 492001 फोन : 0771-2536521, मो. 9329103589

डॉ. मनोज अग्रवाला एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्युकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130




# फ्रेंच ओपन : जोकोविच ने रिकॉर्ड 20वीं बार तीसरे दौर में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| पेरिस

नोवाक जोकोविच को तीसरे सेट में अपने बाएं पैर के अंगूठे में छाले के कारण मेडिकल टाइम आउट लेना पड़ा। विश्व रैंकिंग के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ने स्थानीय खिलाड़ी कोरेंटिन मोउटेट के खिलाफ सीधे सेटों में 6-3, 6-2, 7-6 से जीत हासिल की। इस परिणाम ने जोकोविच को रिकॉर्ड 20वीं बार रोलां-गैरो में तीसरे दौर में पहुंचा दिया। फ्रेंच ओपन के सबसे सफल खिलाड़ी राफेल नडाल भी ऐसा करने में सफल नहीं हुए।

वह दो और जीत के साथ लगातार 16वें साल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच जाएंगे। जोकोविच ने 2024 में चौथे दौर के दौरान अपने दाहिने घुटने के चोटिल होने के बाद हालांकि अंतिम आठ में खेलने से पहले ही नाम वापस ले लिया था। रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम जीतने वाले जोकोविच ने पेरिस में तीन खिताब जीते हैं।



### भांबरी-गालोवे तीसरे दौर में पहुंचे

भारत के युकी भांबरी और अमेरिका के रॉबर्ट गेलोवे की जोड़ी शुक्रवार को तीसरे दौर में पहुंच गई। दोनों ने करीब ढाई घंटे चले दूसरे दौर के मुकाबले में क्रोएशिया के निकोला मेकटिच और अमेरिका के माइकल वीनस की जोड़ी को 6-7, 7-6, 6-3 से हराया।

**स्वियाटेक, सबालेंका की आसान जीत**

गत महिला चैंपियन इगा स्वियाटेक और शीर्ष रैंकिंग पर काबिज आर्यना सबालेंका ने शुक्रवार को यहां एक भी सेट गंवाए बिना फ्रेंच ओपन टेनिस ग्रैंडस्लैम के चौथे दौर में प्रवेश किया। तीन बार की ग्रैंडस्लैम विजेता सबालेंका ने ओल्गा डैनिलोविच को 6-2, 6-3 से हराया जबकि अपने पांच मेजर खिताब में से चार रोलां गैरां में जीतने वाली स्वियाटेक ने जैकलीन को 6-2, 7-5 से हराकर फ्रेंच ओपन में लगातार 23 मैच में जीत दर्ज की।



### 23 गलतियां कर जीती गॉफ

महिला वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिका की कोको गॉफ ने महिला वर्ग के मैच में 23 असहज गलतियां करने के बावजूद चेक गणराज्य की टेरेजा वैलेंटोवा पर आसान जीत दर्ज की। दूसरी वरीयता प्राप्त गॉफ ने 18 साल की खिलाड़ी के खिलाफ 75 मिनट तक चले मुकाबले को 6-2, 6-4 से जीता। गॉफ के सामने अगले दौर में चेक गणराज्य की एक अन्य खिलाड़ी मारिया बौजकोवा की चुनौती होगी। महिला वर्ग में अन्य विजेताओं में तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला, ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन मैडिसन कीज, 18 वर्षीय मीरा एंड्रीवा और 2023 विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंड्रोसोवा शामिल थी। , साल 2019 की उपविजेता वोंड्रोसोवा इस साल गैर-वरीयता प्राप्त हैं। उन्होंने 25वीं रैंकिंग की खिलाड़ी मैग्डालेना फ्रेच को 6-0, 4-6, 6-3 से हराया।

खास खबर

## सात्विक-चिराग की जोड़ी सिंगापुर ओपन युगल खिताब से दो जीत दूर



**सिंगापुर।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी ने शुक्रवार को यहां सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में गोह से फेई और नूर इज्जुद्दीन की मलेशिया की शीर्ष रैंकिंग वाली जोड़ी पर सीधे गेम में जीत के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पिछले कुछ सप्ताह से फिटनेस संबंधी मुद्दों से जूझ रही भारतीय जोड़ी ने 39 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मजबूत रक्षात्मक खेल और नेट के शानदार इस्तेमाल से 21-17, 21-15 से जीत दर्ज कर सत्र में अपने पहले खिताब की ओर कदम बढ़ाए। इस जीत के बाद चिराग ने कहा, 'हां, यह एक बड़ी जीत है क्योंकि हम अभी दुनिया में 27वें नंबर पर हैं।

### भारतीय टीम की जर्सी में दिया गया ऑपरेशन सिंदूर को सम्मान

**नई दिल्ली।** भारतीय ई-स्पोर्ट्स महासंघ ने ब्रिक्स ई-स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2025 के लिए भारतीय टीम की आधिकारिक जर्सी का शुक्रवार को अनावरण किया जिसे 'ऑपरेशन सिंदूर' से प्रेरित डिजाइन के जरिए आतंकवाद के खिलाफ देश की लड़ाई को समर्पित किया गया। इस जर्सी को 'टेककेन 8' के खिलाड़ी गुराशीष 'सोल' सिंह और शुभम खोरवाल पहनेंगे। इसका डिजाइन 'ऑपरेशन सिंदूर' में दिखे राष्ट्रीय गौरव, जज्बा और सैन्य लोकाचार से प्रभावित है। जर्सी के बीच में शक्ति के प्रतीक के तौर पर गहरे लाल रंग की पट्टी है। यह विवाहित भारतीय महिलाओं द्वारा लगाये जाने वाले सिंदूर से प्रेरित है। जर्सी की पृष्ठभूमि में भारतीय सशस्त्र बलों की वर्दी से प्रेरित पैटर्न है, जो सतर्कता, अनुशासन और सेवा को दर्शाता है। खिलाड़ियों ने मॉस्को के लिए रवाना होने से पहले नयी लॉन्च की गई जर्सी पहनी।



### प्रधानमंत्री मोदी से मिले क्रिकेटर सूर्यवंशी



**पटना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शुक्रवार को बिहार के प्रतिभाशाली क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी ने मुलाकात की जो हाल में आईपीएल में शतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने 'एक्स' हैंडल पर पटना हवाई अड्डे पर सूर्यवंशी के साथ मुलाकात की तस्वीरें साझा कीं। प्रधानमंत्री राज्य के दो दिवसीय दौरे पर आए थे। प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा, 'पटना हवाई अड्डे पर युवा क्रिकेट खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी और उनके परिवार से भेंट हुई। उनके क्रिकेट कौशल की पूरे देश में प्रशंसा हो रही है। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं।' मार्च में 14 साल के हुए सूर्यवंशी बिहार के समस्तीपुर जिले के रहने वाले हैं।

ऑरेंज कैप



साई सुदर्शन
759 रन
गुजरात

पर्पल कैप



प्रसिद्ध कृष्णा
25 विकेट
गुजरात

## खबर संक्षेप



### रायजा और नरुका की भारतीय टीम में वापसी

**नई दिल्ली।** भारतीय निशानेबाजी महासंघ की चयन समिति ने इटली के लोनाटो में होने वाले आगामी शॉटगन आईएसएसएफ विश्व कप के लिए टीम का चयन किया जिसमें पेरिस ओलंपियन रायजा ढिल्लों और अनंतजीत सिंह नरुका की राष्ट्रीय सीनियर टीम में वापसी हुई है।यह साल का चौथा विश्व कप है जो चार से 14 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा। रायजा ने पिछले हफ्ते सुहल में जूनियर विश्व कप में रजत पदक जीता था। इस महीने की शुरुआत में तीसरे निकोसिया शॉटगन विश्व कप में भारत ने नयी ओलंपिक ट्रैप मिश्रित टीम स्पर्धा में अपना पहला पदक कांस्य के रूप में जीता था।

### कोच अरुण श्रीलंका में कराएंगे ट्रेनिंग कार्यक्रम

**कोलंबो।** भारत के पूर्व गेंदबाजी कोच भरत अरुण दो जून से श्रीलंकाई क्रिकेटरों के लिए एक विशेष 14 दिवसीय ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित करेंगे जिसमें सीनियर टीम के साथ पुरुष और महिला जूनियर भी शामिल होंगे। श्रीलंका क्रिकेट ने शुक्रवार को एक बयान में बताया कि अरुण उनकी पुरुष और महिला राष्ट्रीय टीमों, महिला ए टीम, अंडर-19 पुरुष टीम, उच्च उत्कृष्टता केंद्र के कोचों, क्लब और प्रांतीय कोचों के साथ कोचिंग देने वाले शिक्षकों के लिए ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

### बजरंग पूनिया के खिलाफ मानहानि का मामला

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने ओलंपिक पदक विजेता पहलवान बजरंग पूनिया के खिलाफ आपराधिक मानहानि का मामला खत्म कर दिया है क्योंकि उन्होंने कोच और शिकायतकर्ता नरेश दहिया से बिना शर्त माफी मांग ली है। न्यायाधीश ने 29 मई को मामला तब बंद कर दिया जब दोनों पक्षों ने अदालत में प्रस्तुत किया कि उन्होंने मामले को आपस में सुलझाने का फैसला किया है।



### खिलाड़ियों को संदेह करने से बचना चाहिए

**मुल्लांपुर।** पंजाब किंग्स के गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स चाहते हैं कि उनके खिलाड़ी खिताबी मुकाबले में पहुंचने के अपने अगले प्रयास से पहले 'खुद पर संदेह' करने से बचें। पंजाब किंग्स ने अपने आक्रामक खेल के साथ लीग चरण में शीर्ष स्थान हासिल किया लेकिन बृहस्पतिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ उसे आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा। टीम के पास रविवार को दूसरा क्वालीफायर जीतकर फाइनल में जगह पक्की करने का एक और मौका मिलेगा।

## क्रिकेट

### रोहित शर्मा 81 रन की तूफानी पारी खेल बने प्लेयर ऑफ द मैच

## 20 रन से दर्ज की जीत, कल पंजाब से होगा मुकाबला

# मुंबई ने क्वालीफायर-2 में बनाई जगह गुजरात हारकर आईपीएल से बाहर

एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर

बड़े मैचों का दबाव झेलने में माहिर मुंबई इंडियंस ने रोहित शर्मा और जॉनी बेयरस्टो की आक्रामक पारियों के दम पर गुजरात टाइटंस को शुक्रवार को आईपीएल एलिमिनेटर में 20 रन से हराकर दूसरे क्वालीफायर में जगह बना ली। अब मुंबई का सामना रविवार को पंजाब किंग्स से होगा जिसमे जीतने वाली टीम तीन जून को अहमदाबाद में फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से खेलेगी।

मुंबई ने रोहित (81) और बेयरस्टो (47) की पारियों के दम पर पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 228 रन बनाए। जवाब में आईपीएल के इस सत्र में सर्वाधिक रन बनाने वाले साइ सुदर्शन के 49 गेंद में 80 रन के बावजूद गुजरात की टीम छह विकेट पर 208 रन ही बना सकी और टूर्नामेंट से बाहर हो गई। गुजरात ने 16वें ओवर तक मैच अपनी जद से निकलने नहीं दिया लेकिन सुदर्शन के विकेट के बाद मुंबई ने शिकंजा कस लिया। जसप्रीत बुमराह ने अपने चिर परिचित यॉर्कर पर वॉशिंगटन सुंदर (48 रन) को बोल्ड किया। इसके बाद रिचर्ड ग्लीसन की गेंद पर स्कूप शॉट खेलने के प्रयास में सुदर्शन चूके और उनका स्टम्प उखड़ गया।



### दो ओवर में नहीं बने 36 रन

गुजरात को आखिरी दो ओवर में 36 रन चाहिए थे और दो खब्बू बल्लेबाज राहुल तेवतिया और शेरफान रदरफोर्ड क्रीज पर थे। आखिरी ओवर में 24 रन की जरूरत थी और मुंबई के लिए इस मैच के जरिए पदार्पण करने वाले ग्लीसन ने तीन ही रन दिए।



### रोहित बने 7 हजारी 300 छक्के भी पूरे

रोहित शर्मा ने इस मुकाबले में सिर्फ 28 गेंदों पर फिफ्टी पूरी कर ली। यह उनके आईपीएल करियर की 47वीं फिफ्टी रही। रोहित ने इस पारी के दौरान आईपीएल में अपने 7000 रन भी पूरे कर लिए। यही नहीं रोहित शर्मा ने आईपीएल में 300 छक्के भी पूरे किए। रोहित कैरेबियाई दिग्गज क्रिस गेल के बाद आईपीएल में 300 छक्के लगाने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। क्रिस गेल ने आईपीएल में 357 छक्के लगाए थे। कोहली आईपीएल में सबसे ज्यादा 8618 रन बनाने वाले बैटर हैं।

### स्कोर बोर्ड

| मुंबई इंडियंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित का राशिद बो कृष्णा | 81 | 50 | 9 | 4 |
| बेयरस्टो का कोएत्जी बो किशोर | 47 | 22 | 4 | 3 |
| सूर्यकुमार का सुंदर बो किशोर | 33 | 20 | 1 | 3 |
| तिलक वर्मा का मेंडिस बो सिराज | 25 | 11 | 0 | 3 |
| हार्दिक पंड्या नाबाद | 22 | 09 | 0 | 3 |
| नमन धीर का राशिद बो कृष्णा | 09 | 06 | 0 | 1 |
| मिचेल सेंटनेर नाबाद | 00 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 11, कुल : 20 ओवर में 228/5
गेंदबाजी : सिराज 4-0-37-1, कृष्णा 4-0-53-2, किशोर 4-0-42-2, राशिद 4-0-31-0, कोएत्जी 3-0-51-0, सुंदर 1-0-7-0.

| गुजरात टाइटंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| साइ सुदर्शन बो ग्लीसन | 80 | 49 | 10 | 1 |
| शुभमन गिल पगबाधा बो बोल्ट | 01 | 02 | 0 | 0 |
| मेंडिस हिट विकेट बो सेंटनेर | 20 | 10 | 1 | 2 |
| वॉशिंगटन सुंदर बो बुमराह | 48 | 24 | 5 | 3 |
| रदरफोर्ड का वर्मा बो बोल्ट | 24 | 15 | 4 | 0 |
| राहुल तेवतिया नाबाद | 16 | 11 | 1 | 1 |
| शाहरुख का यादव बो अश्वनी | 13 | 07 | 0 | 1 |
| राशिद खान नाबाद | 00 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 06, कुल : 20 ओवर में 208/6
गेंदबाजी : बोल्ट 4-0-56-2, बुमराह 4-0-27-1, ग्लीसन 3.3- 0-39-1, पंड्या 3-0-37-0, सेंटनेर 1-0-10-1, धीर 1-0-9-0, अश्वनी 3.3-0-28-1.

नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट

## गुकेश ने कारुआना को हराया अर्जुन एरिगैसी को मिली मात



एजेंसी ▶▶| स्टावेंगर

मौजूदा विश्व चैंपियन भारत के डी गुकेश ने नॉर्वे शतरंज के 'ओपन' वर्ग में अमेरिका के ग्रैंड मास्टर फैबियानो कारुआना के खिलाफ रोमांचक आर्मागेडन टाई-ब्रेक में जीत हासिल की।अर्जुन एरिगैसी को मैग्नस कार्लसन के कौशल के आगे हार का सामना करना पड़ा। विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी कारुआना भारतीय खिलाड़ी के खिलाफ चौथे दौर में मजबूत स्थिति में थे। वह हालांकि गुकेश के शानदार रक्षात्मक कौशल के सामने चार घंटे से अधिक समय तक चले रोमांचक मुकाबले को भुनाने में नाकाम रहे। मुकाबले का परिणाम हासिल करने के लिए 'आर्मागेडन' टाई-ब्रेक का इस्तेमाल किया गया। सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन गुकेश और एरिगैसी दोनों अब छह खिलाड़ियों के बीच 4.5 अंकों के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। कार्लसन आठ अंकों के साथ शीर्ष पर है। उनके बाद कारुआना (सात अंक) और अमेरिका के ही हिकारू नाकामुरा (5.5 अंक) हैं।

गुकेश सफेद मोहरों से खेल रहे थे और उन्हें 'आर्मागेडन' में तीन मिनट का बड़ा फायदा मिला था। इसमें सफेद मोहरों को 10 मिनट और काले मोहरों को सात मिनट मिलते हैं। क्लासिकल मुकाबले में मुश्किल स्थिति से बाहर आने के महज 15 मिनट के अंदर भारतीय खिलाड़ी ने कारुआना को मात देते हुए 1.5 अंक हासिल किए।

### विश्व के नंबर एक कार्लसन ने दर्ज की जीत

विश्व के नंबर एक कार्लसन ने काले मोहरों से खेलते हुए भारत के दूसरे नंबर के खिलाड़ी एरिगैसी के खिलाफ अंतिम गेम में अपनी रणनीतिक श्रेष्ठता दिखाई और पूरे तीन पूर्ण अंक अर्जित किए। पिछले दो चरण में दो बार 'आर्मागेडन गेम' हारने वाले नॉर्वे के सुपरस्टार ने घरेलू दर्शकों के सामने इस जीत के साथ दमदार वापसी की। पिछले दौर में कारुआना से हारने के बाद एरिगैसी के लिए यह दो दिनों में दूसरा झटका था।

**शीर्ष पर हम्पी :** महिला वर्ग में एक रोमांच से भरे दिन में भारत की आर. वैशाली ने 'आर्मागेडन' टाई-ब्रेक में यूक्रेन की अन्ना मुजीचुक को मात देकर महत्वपूर्ण आधा अंक अर्जित किया, जबकि विश्व चैंपियन वेनजुन जू ने कोनेरू हम्पी को हराया। भारत की शीर्ष महिला खिलाड़ी हम्पी तालिका में मुजीचुक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। दोनों खिलाड़ियों के नाम सात-सात अंक है। वैशाली 3.5 अंकों के साथ छठे स्थान है।

## नायर के नाबाद 186 रन सरफराज शतक से चूके

**कैंटरबरी।** करुण नायर ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से ठीक पहले टीम प्रबंधन को सकारात्मक संकेत देते हुए नाबाद 186 रन बनाए। इसकी मदद से भारत ए ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ शुक्रवार को यहां चार दिवसीय अनधिकृत टेस्ट के पहले दिन तीन विकेट पर 409 रन बना लिए। नायर ने 24वां प्रथम श्रेणी शतक जड़ा। उन्होंने अपनी पारी में 24 चौके और एक छक्का लगाया। वहीं सरफराज खान 119 गेंद में 92 रन बनाकर आउट हुए। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 181 रन जोड़े। ध्रुव जुरेल 104 गेंद में 82 रन बनाकर खेल रहे हैं और चौथे विकेट की अटूट साझेदारी में 177 रन बन चुके हैं।



## सभी प्रारूपों में खेलना मुश्किल, चयन करने की जरूरत

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इंग्लैंड में टेस्ट मैचों में खेलने की चुनौती का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि लंबे समय तक तीनों प्रारूपों में खेलने में कठिनाई होती है और कहा कि उन्हें भी किसी समय चयन करना ही होगा। मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम की घोषणा करते हुए कहा था कि बुमराह सभी पांच टेस्ट मैचों के लिए उपलब्ध नहीं हो सकते हैं। बुमराह ने पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान माइकल क्लार्क से 'बियोंड 23' पोडकास्ट में कहा, 'निश्चित रूप से किसी भी खिलाड़ी के लिए इतने लंबे समय तक सभी प्रारूपों में खेलना मुश्किल है। मैं कुछ समय से ऐसा कर रहा हूं, लेकिन आपको यह समझना होगा कि आपका शरीर कैसा कर रहा है और कौन सा टूर्नामेंट महत्वपूर्ण है।' इकतीस वर्षीय बुमराह ने भारत के लिए अब तक 45 टेस्ट, 89 वनडे और 70 टी20 मैच खेले हैं।

एशियाई एथलेटिक्स

**भारत के कुल पदकों की संख्या हुई 18**

## शुक्रवार स्वर्ण से गुलजार : गुलवीर पूजा, नंदिनी बने एशियन चैंपियन

एजेंसी ▶▶| गुमी

गुलवीर सिंह ने शुक्रवार को यहां पुरुषों की 5000 मीटर स्पर्धा के फाइनल में एक दशक पुराना मीट रिकॉर्ड तोड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया। वहीं ऊंची कूद में पूजा सिंह और हेप्टाथलॉन में नंदिनी अगसारा ने स्वर्ण पदक जीतकर 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के चौथे दिन को भारत के लिए खास बना दिया।

गुलवीर ने शुक्रवार को चैंपियनशिप में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीतकर लंबी दूरी की दौड़ के भारत के महान खिलाड़ियों में अपना नाम दर्ज करा लिया। इससे देश के कुल पदकों की संख्या 18 हो गई है। इसमें आठ स्वर्ण, सात रजत और तीन कांस्य पदक शामिल हैं। भारत ने 2023 सत्र में 27 पदक जीते थे। राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी धावक गुलवीर ने 13 मिनट 24.77 सेकंड का समय निकालकर थाईलैंड के कीरन टुनटिवेट को पीछे छोड़ा जो 13 मिनट 24.97 सेकंड के साथ दूसरे स्थान पर रहे।



गुलवीर ने प्रतियोगिता के शुरुआती दिन 10,000 मीटर स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। भारत को पूजा ने ऊंची कूद में स्वर्ण पदक के साथ बड़ी सफलता दिलाई।

### नंदिनी ने हेप्टाथलान में रचा इतिहास

नंदिनी एशियाई चैंपियनशीप में स्वर्ण जीतने वाली केवल तीसरी भारतीय हेप्टाथलीट बन गई। इससे पहले स्वप्ना बर्मन (2017) और सोमा बिस्वास (2005) ने इस स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल किए थे। अगासरा ने 5941 अंक जुटाकर शीर्ष स्थान हासिल किया। वह भाला फेंक में महज 34.18 मीटर की दूरी तय करने के बाद चीन की लियू जिंगी से पिछड़ गई थी लेकिन उन्होंने 800 मीटर दौड़ को जीतकर मजबूत वापसी की।

**न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, रायपुर**

**नोटिस**

क्रमांक/157/ब-121/2022-23/457 रायपुर, दिनांक 21 मई, 2025

प्रति,

**विनय कुमार पाण्डेय पिता मिथलेश पाण्डेय**, बिल्डिंग 4 फ्लैट नं. 11 चौहान ग्रीन वेली जुनवानी रोड भिलाई जिला दुर्ग.

आवेदक प्राधिकृत अधिकारी **आन्ध्रा बैंक (युनियन बैंक) शाखा टाटीबंध रायपुर** की ओर से **मानवेन्द्र गुप्ता अधिवक्ता** ने आवेदन पत्र/ शपथपत्र मय दस्तावेज प्रस्तुत कर आवेदन पत्र से आपको बैंक ने **9,00,000.00 रूपये** का ऋण दिया था, और आपके स्वामित्व की अचल संपत्ति बैंक के पक्ष में बंधक रखी गयी है। आपके द्वारा ऋण की अदायगी नही की जा रही है। जिसके कारण बैंक ने आपको अधिनियम की धारा 13 के तहत नोटिस जारी किया गया कि आप ऋण की अदायगी मय ब्याज एवं अन्य शुल्क **रूपया 10,18,000.00** अदा करे, अन्यथा बंधक रखी गई संपत्ति बैंक अपने हक में प्राप्त कर लेगी कि जानकारी दी जाकर बैंक के पक्ष में आपके द्वारा लिये गये ऋण के एवज में बंधक रखी संपत्ति का कब्जा दिलाये जाने का निवेदन किया है।

2/ आपने प्राधिकृत अधिकारी **आन्ध्रा बैंक (युनियन बैंक) शाखा टाटीबंध रायपुर** से **9,00,000.00 रूपये** का ऋण प्राप्त कर मौजा- खिलौरा, तहसील- अभनपुर, जिला- रायपुर में छ.ग. हाउसिंग बोर्ड द्वारा निर्मित एलआईजी 131 बैंक के पक्ष में बंधक रखा है ।

3/ अतः आपके द्वारा लिये गये ऋण के एवज में उपरोक्त बंधक रखी गई अचल संपत्ति को वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये क्यों न आधिपत्य में लेने की कार्यवाही की जावे । आप स्वयं अथवा अपने नियुक्त अभिभाषक के माध्यम से ऋण से संबंधित एवं बंधक रखी गई संपत्ति से संबंधित दस्तावेज लेकर पक्ष प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायालय में पेशी दिनांक **02.06.2025** को ठीक **3.00 बजे** उपस्थित होना सुनिश्चित करे । नियत तिथि में उपस्थित नही होने की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण में निर्णय ले लिया जावेगा ।

आज दिनांक 21 मई, 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

सील

**कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी**
**रायपुर**

**न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रायपुर (छ.ग.)**

**नोटिस**

क्रमांक/327/ब-121/2022-23/459 रायपुर, दिनांक 21 मई, 2025

प्रति,

1. **मेसर्स आरना पेपर प्रोडक्ट्स, प्रो. धरमपाल सिंह व. अजब सिंह**, भाटापारा मोहल्ला, पुट्ठा कपाउंड, देवपुरी, जिला-रायपुर
2. **गौरव कुमार सिंह व. धरमपाल सिंह ( जमानतदार)**, दोनो निवासीः एफ-7 शिवाजी पार्क सड्डू, जिला-रायपुर

आवेदक प्राधिकृत अधिकारी **केनरा बैंक मुख्य शाखा जिला रायपुर** की ओर से **मानवेन्द्र गुप्ता अधिवक्ता** ने आवेदन पत्र/ शपथपत्र मय दस्तावेज प्रस्तुत कर, आवेदन पत्र से आपको बैंक ने **42,00,000.00 रूपये** का ऋण दिया था और **गौरव कुमार सिंह** के स्वामित्व की अचल संपत्ति बैंक के पक्ष में बंधक रखी गयी है। आपके द्वारा ऋण की अदायगी नहीं की जा रही है। जिसके कारण बैंक ने आपको अधिनियम की धारा 13 के तहत नोटिस जारी किया गया कि आप ऋण की अदायगी मय ब्याज एवं अन्य शुल्क **रूपया 29,33,258.00** अदा करे, अन्यथा बंधक रखी गई संपत्ति बैंक अपने हक में प्राप्त कर लेगी कि जानकारी दी जाकर, बैंक के पक्ष में आपके द्वारा लिये गये ऋण के एवज में बंधक रखी संपत्ति का कब्जा दिलाये जाने का निवेदन किया है।

2/ आपने प्राधिकृत अधिकारी **केनरा बैंक मुख्य शाखा जिला रायपुर** से **42,00,000.00 रूपये** का ऋण प्राप्त कर मौजा- कचना, प.ह.नं. 110, जिला-रायपुर में हाउसिंग बोर्ड द्वारा निर्मित फ्लैट नं. ईडब्लूएस 99, ब्लाक 09, ग्राउंड फ्लोर, रकबा 349.484 स्के. फीट बैंक के पक्ष में बंधक रखा है।

3/ अतः आपके द्वारा लिये गये ऋण के एवज में उपरोक्त बंधक रखी गई अचल संपत्ति को वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये क्यों न आधिपत्य में लेने की कार्यवाही की जावे। आप स्वयं अथवा अपने नियुक्त अभिभाषक के माध्यम से ऋण से संबंधित एवं बंधक रखी गई संपत्ति से संबंधित दस्तावेज लेकर पक्ष प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायालय में पेशी **दिनांक 02.06.2025** को ठीक **3.00 बजे** उपस्थित होना सुनिश्चित करे । नियत तिथि में उपस्थित नही होने की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर, प्रकरण में निर्णय ले लिया जावेगा।

आज **दिनांक 21 मई, 2025** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील

**कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी**
**रायपुर**

# विरासत

छत्तीसगढ़ के महापुरुषों की गौरवगाथा

छत्तीसगढ़ की लोक कला अत्यंत समृद्ध है। वह अपनी मौलिकता और विविधता के लिए प्रसिद्ध है। पंथी नृत्य उनमें से एक है। पंथी नृत्य के शीर्षस्थ कलाकार देवदास बंजारे ने अपने थिरकते पांवों नें पृथ्वी को नाप लिया। देवदास बंजारे नें बड़ी तपस्या और साधना की है। अपनी कला साधना से देवदास जी ने पंथी नृत्य को पूरी दुनिया में विशिष्ट पहचान दिलाई है। ऐसे ही सपूतों को जन्म देकर छत्तीसगढ़ महतारी अपनी कोख को धन्य मानती है।

# पंथी नृत्य सम्राट देवदास बंजारे


देवदास बंजारे

## बचपन में ही सिर से उठा पिता का साया

देवदास बंजारे का 1 जनवरी 1947 को तत्कालीन रायपुर जिले के धमतरी तहसील के अंतर्गत एक छोटे से गांव सांकरा में हुआ। देवदास जी के बचपन का नाम जेठू था। पिता जी का नाम बोधराम गेंडरे और माता जी का नाम भागवती बाई जी था, देवदास जी जब छोटे थे तभी उनके पिता बोधराम का निधन हो गया। इसके बाद माता भगवती बाई बालक जेठू को लेकर दुर्ग जिले के धनोरा गांव आ गई। धनोरा गांव में ही बचपन बीता। पालनकर्ता पिता फूल सिंह बंजारे थे।


कम उम्र में ही राम बाई से विवाह।

## जेठू बना देवदास

बालक जेठू की शुरु से ही खेलकूद में रुचि थी कबड्डी उनका प्रिय खेल था। बचपन परेशानी और तंगहाली के बीच बीता। पहनने के लिए ना तो ढंग के कपड़े थे और ना ही खाने का इंतजाम। दिनभर खेतों में मेहनत मजदूरी कर उनके परिवार का पेट पलता था इन्ही परेशानी के दिनों में जेठू को बड़ी माता का प्रकोप हुआ। जिसमें उनके शरीर पर मांस उतरने लगा । जेठू को राख बिछाकर सुलाया जाता था। मां ने देवी देवताओं से अपने बेटे जेठू के लिए मनौती की । धीरे धीरे जेठू ठीक हो गया। देवी देवताओं से मिले नए जीवन के कारण जेठू को देवदास नाम मिला।



## हबीब तनवीर साहब ने पहचानी प्रतिभा

पंथी नृत्य में नाम कमाने के दौरान देवदास जी पर प्रसिद्ध रंगकर्मी हबीब तनवीर की नजर पड़ी। देवदास जी की नृत्य प्रतिभा को देखकर तनवीर साहब प्रभावित हुए बिना नहीं रह सके। हबीब साहब ने अपने ऐतिहासिक नाटक चरणदास चोर में देवदास जी को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका दिया। नाटक चरणदास चोर के बीच-बीच में देवदास जी का नृत्य रखा था जो कि दर्शकों को बहुत पसंद आया था। देवदास जी हबीब साहब के साथ ही इंग्लैड के एडिनबर्ग गए जो कि उनकी पहली विदेश यात्रा थी।


पंथी नृत्य का अद्भुत प्रदर्शन करते हुए बंजारे जी और उनके साथी।

### पंथी नृत्य को दिया आधुनिक स्वरुप

वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. दादूलाल जोशी बताते है कि पंथी नृत्य मुख्य तौर पर गुरु बाबा घासीदास के संदेशों का प्रचार- प्रसार का माध्यम है। पहले नृत्य और गीत में अनुशासन का अभाव था । नृत्य के दौरान सभी डांसर्स के पैर या स्टेप एक जैसे ही हो, इसकी जरूरत नहीं समझी जाती थी । देवदास जी ने पंथी में ड्रेस कोड लाया। सुरताल में पैनापन लाया। सुरताल में लाया पैनापन श्रोताओं को पसंद आने लगा। देवदास बंजारे जी ने अपनी सूझबूझ से पंथी नृत्य में अभिनव प्रयोग किए । अनुशासन और एकरुपता होने से नृत्य के दौरान दर्शकों को बांधने की क्षमता हुई। लोगों में इसे देखने समझने की रुचि बढ़ी । देवदास जी ने पंथी नृत्य में जो प्रयोग किए उसे सराहा गया । कलाकारों के माध्यम से आकृति तैयार करवाते थे जैसे पिरामिड का निर्माण। देवदास जी पंथी में महिला कलाकारों को लाए इसे भी पसंद किया गया ।

## सतनाम के संदेशों का प्रचार, हर तरफ से मिला सम्मान

पंथी नृत्य सतनामी समाज द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला नृत्य है नृत्य में अद्भुत करतब नृतक दल के पैरों में घुंघरू झांझ और मांदर की थाप दर्शकों को सहज ही आकर्षित करते हैं। इसमें बाबा गुरु घासीदास के संदेशों की मंचीय प्रस्तुति की जाती है। युवावस्था में देवदास, धनोरा गांव में अपने पारा के लड़कों को इकठ्टा कर पांवों में घुंघरू गले में कंठी और संतों का बाना धारण कर प्रस्तुतियां देते थे ।

पारंपरिक पंथी नृत्यक के अंदाज में देवदास नित नये प्रयोग को जोडता रहा और उसका नर्तक दल नित नई उंचाईयों को छूता गया । साल 1972 में बाबा गुरु घासीदास की पवित्र जन्मस्थली गिरौदपुरी में मेला आयोजित हुआ। यहां देवदास जी और उनके नर्तक दल ने जो प्रदर्शन किया वो उन्हे नई ऊंचाईयां दिला गया इस मौके पर अविभाजित मध्यप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री श्यामाचरण शुक्ल ने उनके दल को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया। समाचार पत्रों में भी देवदास के पंथी दल को जमकर तारीफ मिली धीरे धीरे देवदास का दल प्रसिद्धि पाने लगा एवं धीरे-धीरे देवदास अपने कला में पारंगत होता गया। 26 जनवरी 1975 को गणतंत्र दिवस के मौके पर खनिज एवं इस्पात मंत्रालय की तरफ से देवदास और उनके दल ने प्रतिनिधित्व किया। गणतंत्र दिवस के पावन मौके पर देवदास को थिरकते हुए देश के लाखों लोगों ने देखा । गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में शानदार प्रस्तुति देने पर 21 मई 1975 को तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने राष्ट्रपति भवन में हुए कार्यक्रम में देवदास जी को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया।


तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के साथ बंजारे जी का पंथी नृत्य।

### गुरु मनराखन लाल का मिला आशीर्वाद

अपनी फिटनेस को लेकर देवदास शुरु से ही सतर्क थे। उमदा के मैदान में किशोर उम्र के देवदास ने जमकर पसीना बहाया कसरती शरीर का फायदा कबड्डी और दौड़ के अलावा पंथी नृत्य में भी देखने को मिला। उन्ही दिनों में बुआ फूलबासन की पहल पर उनका विवाह खड़गपुर के बहलिया की बेटी रामबाई से हुआ । विवाह के समय रामबाई की उम्र नौ साल की थी। इधर देवदास आगे पढ़ना चाहते थे लेकिन धनोरा में हाईस्कूल नहीं था। रिसाली और सेक्टर सात के स्कूलों में मिडिल कक्षा की परीक्षा पास की। उम्दा से नजदीक बीएसपी उच्चतर माध्यमिक स्कूल सेक्टर एक में एडमिशन लिया। यहां स्पोर्ट्स टीचर ने देवदास की खेल प्रतिभा को निखारा। इन्ही दिनों देवदास ने प्रदेश में सौ मीटर में पहला स्थान हासिल किया इसी स्कूल में देवदास को मिले उनके गुरु डॉ. मनराखन लाल साहू। मनराखन लाल जी ने अपने शिक्षकीय जीवन में हजारों बच्चों को पढ़ाया लेकिन कोई भी देवदास जैसी ऊंचाई नहीं हासिल कर पाया।


तत्कालीन केंद्रीय मंत्री जार्ज फर्नांडिस से पुरस्कार प्राप्त करते हुए।

### सादगी, विनम्रता की प्रतिमूर्ति

वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. दादूलाल जोशी ने बताया कि 64 देशों की यात्रा करने और देश दुनिया में नाम कमाने के बाद भी देवदास जी में नाममात्र का घमंड नहीं था। पहली मुलाकात में ही देवदास जी ने दादूराम जी को वरिष्ठ मानकर चरण स्पर्श किए । जबकि देवदास जी उम्र में दादूराम जी से बड़े थे । बड़ा होने के बावजूद मुझे भैया कहते थे । उनका भोलापन और सहजता उन्हे बाकी कलाकारों से अलग बनाती है।

### पंथी को दिलाई पहचान



वे न सिर्फ एक कुशल नर्तक थे, बल्कि एक प्रेरक शिक्षक, जिन्होंने युवाओं की कई पीढ़ियों को इस नृत्य की बारीकियां सिखाईं। उनका उद्देश्य पंथी को केवल मंचीय प्रदर्शन तक सीमित रखना नहीं था, बल्कि इसे समाज में एक सांस्कृतिक चेतना के रूप में स्थापित करना भी था।
-दिलीप बंजारे, देवदास जी के बड़े बेटे

### पंथी ने बदला जीवन का उद्देश्य



हमारे पिता जी राज्य स्तरीय कबड्डी चैंपियन थे, लेकिन एक दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में उनका पैर टूट गया, जिससे उनका खेल करियर थम गया। एक दिन किसी शादी समारोह में आए लोक कलाकारों को देखकर उनके भीतर नृत्य के प्रति रुझान जागा। यही मोड़ उनके जीवन की दिशा बदल गया। वे पंथी नृत्य की ओर आकर्षित हुए और जल्द ही इस कला को अपने जीवन का उद्देश्य बना लिया।
-संतोष बंजारे, देवदास जी के छोटे बेटे

## ये माटी के काया, ये माटी के चोला...

सब कुछ ठीक चल ही रहा था इसी बीच 26 अगस्त 2005 शुक्रवार को अपने अनन्य मित्र, साहित्यकार परदेसीराम वर्मा के साथ भिलाई से रायपुर आ रहे थे तभी जीई रोड पर महोबा बाजार ओवरब्रिज से उतरते ही विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार मिनी बस ने देवदास जी की मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में देवदास जी के सिर और हाथ पैर में गहरी चोटे आई और जबड़ा टूट गया जबकि मोटर साइकिल पर पीछे बैठे वर्मा के एक पैर की हड्डी टूट गई हादसे के बाद जमा हुई भीड़ ने दोनों को पास के ही अस्पताल पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद बंजारे की बिगड़ती हुई हालत को देखते हुए अंबेडकर अस्पताल रेफर किया गया गंभीर हालत में बारह बजे अस्पताल लाया गया जहां इलाज शुरु होने के पहले ही उनकी सांसें थम गई। तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह ने अपने शोक संदेश में कहा कि बंजारे छत्तीसगढ़ की धरती और जनजीवन से जुड़े एक सहज सरल लेकिन उच्च कोटि के कलाकार थे उनके निधन से छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति को गहरा नुकसान पहुंचा है। तत्कालीन संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने बंजारे की स्मृति मे हर साल एक सम्मान देने की घोषणा की थी।


तत्कालीन संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल बंजारे जी के पार्थिव देह को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए

हरिभूमि ने प्रकाशित की थी बंजारे जी के निधन की खबर


पंथी नर्तक देवदास बंजारे का निधन
सड़क हादसे में साहित्यकार डॉ. परदेशीराम वर्मा भी घायल


पंथी नृत्य को समर्पित रहा जीवन

### सरल और आत्मीय स्वभाव के व्यक्ति



देवदास बंजारे जी एक अत्यंत नम्र, सरल और आत्मीय स्वभाव के व्यक्ति थे। विशेष रूप से सतनामी समाज में उनकी भूमिका ऐतिहासिक रही। उन्होंने अपनी प्रतिभा, अनुशासन और सतनाम दर्शन की गहरी समझ से समाज में एक नई चेतना का संचार किया। बंजारे जी ने अपनी कला और तपस्या के माध्यम से बाबा गुरु घासीदास जी के नाम को देश ही नहीं, विदेशों तक पहुंचा दिया। आज भी पंथी नृत्य के हर थिरकते कदम में उनकी प्रेरणा, उनकी ऊर्जा और उनका आशीर्वाद महसूस होता है।
-गौकरण दास बघेल, मांदर वादक, देवदास जी के सहयोगी

बीएसपी प्रबंधन द्वारा सदैव मिला प्रोत्साहन







inh न्यूज़ आज रात 7.55 बजे

### छत्तीसगढ़ी कला-संस्कृति के सच्चे साधक



देवदास बचपन से ही छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति और परंपराओं के प्रति गहरी आस्था और लगाव रखते थे। पिता के निधन के बाद दुर्ग जिले के धनोरा ग्राम से एक नई शुरुआत की। यही से उन्होंने अपनी कला साधना को एक दिशा दी और जनसंस्कृति को अपने जीवन का उद्देश्य बना था।
-डॉ. रमन सिंह, विस, अध्यक्ष छत्तीसगढ़

### पंथी नृत्य को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने वाले कलाकार



देवदास बंजारे जी न केवल छत्तीसगढ़ के, बल्कि देश के उन चुनिंदा महान कलाकारों में शामिल थे, जिन्होंने पंथी नृत्य को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। वे ऐसे कलाकार थे जिन्होंने केवल भारत में ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी गुरु घासीदास जी के संदेश को पंथी नृत्य के माध्यम से पहुंचाया।
-विजय बघेल, दुर्ग सांसद

### कुशल कलाकार के साथ-साथ संवेदनशील व्यक्ति



देवदास बंजारे न केवल एक कुशल कलाकार थे, बल्कि एक ऐसे व्यक्तित्व थे जिनकी सादगी, विनम्रता और संवेदनशीलता हर किसी को प्रभावित करती थी। उनकी कला में प्रदेश की मिट्टी की महक और संस्कृति की आत्मा झलकती थी।- अरुण वोरा, पूर्व विधायक

### देवदास बंजारे पंथी नृत्य के बादशाह



देवदास बंजारे छत्तीसगढ़ की माटी के वो रत्न थे जिन्होंने पंथी नृत्य को वैश्विक पहचान दिलाई। उन्होंने पंथी नृत्य को दुनिया के 64 देशों के मंचों पर प्रस्तुत किया। वे पंथी नृत्य के बादशाह थे। जिन्होंने कला को आध्यात्मिक साधना और सामाजिक चेतना के रूप में प्रस्तुत किया।
-डॉ. परदेशी राम वर्मा, वरिष्ठ साहित्यकार एवं लेखक

### कला के प्रति अद्वितीय समर्पण का भाव था



पंथी लोगों को सिखाते थे, कहीं भी नाचने-गाने में संकोच नहीं करते थे। देवदास बंजारे बहुत बड़े लोक कलाकार थे। उनके भीतर कला के प्रति अद्वितीय समर्पण था। वे मंच हो या गांव की गलियां हर जगह एक जैसी ऊर्जा और भाव से प्रस्तुति देते थे। उन्होंने नाचा को मनोरंजन के साथ-साथ समाज सुधार और शिक्षा का माध्यम बनाया।
-डॉ. जेआर सोनी, वरिष्ठ साहित्यकार एवं लेखक

### पंथी नृत्य को राष्ट्रीय मंचों पर दिलाई पहचान



देवदास बंजारे जी ने छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत पंथी नृत्य को एक नया और समकालीन रूप दिया। उन्होंने इस पारंपरिक नृत्य शैली को केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इसे जन-जन तक पहुंचाया और राष्ट्रीय मंचों पर प्रस्तुत कर इसे पहचान दिलाई।
-डॉ. दादूलाल जोशी, वरिष्ठ साहित्यकार एवं लेखक

### गुरु जी के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया



पंथी जगत की जानी-मानी हस्ती देवदास बंजारे जी ने छत्तीसगढ़ी संस्कृति और बाबा गुरु घासीदास जी के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने न सिर्फ अपनी कला से लोगों को प्रभावित किया, बल्कि अनेक पंथी नृत्य दलों का गठन कर नई पीढ़ी को भी इस परंपरा से जोड़ा। उनका संपूर्ण जीवन पंथी कला और सतनाम दर्शन के प्रचार-प्रसार को समर्पित रहा।
-पद्मश्री राधेश्याम बारले, अंतर्राष्ट्रीय पंथी कलाकार

### जब वे मंच पर उतरते थे, तो दर्शक मंत्रमुग्ध हो जाते थे



पंथी नृत्य को नई पहचान दिलाने वाले देवदास बंजारे जी का योगदान अतुलनीय है। यह कहना गलत नहीं होगा कि आज जिस ऊंचाई पर पंथी नृत्य है। उसमें बंजारे जी की ही देन है। उनके हर ताल और हर भाव में समाज के प्रति समर्पण और आध्यात्मिक संदेश छिपा होता था। जब वे मंच पर उतरते थे, तो दर्शक मंत्रमुग्ध हो जाते थे।
-खूबचंद बघेल, पंथी नृत्य दल के साथी

हरिभूमि कम्युनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) प्रभाकर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com